सुप्रभात
रांची, गुरुवार
21.03.2024
* * नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 248



12 अश्वथामा का किरदार निभायेंगे शाहिद कपूर







इफ्तार : शाम 6.01(21 मार्च)
सेहरी : भोर 4.35 (22 मार्च)

# सोरेन परिवार में सीता बनाम कल्पना के बीच अब नयी एंट्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शिबू सोरेन के परिवार का झगड़ा खुलकर सबके सामने आ गया है। बड़ी बहू सीता सोरेन के इस्तीफे के बाद अब परिवार के सदस्यों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है। देवरानी और जेठानी के बीच बेटियां कूद पड़ी हैं। जेठानी के बेटी ने भी एक्स पर चाची के सवालों का जवाब दिया है। कल्पना सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा है कि स्व दुर्गा दा, हेमंत के बड़े भाई ही नहीं पिता तुल्य थे। साथ ही उन्होंने दुर्गा सोरेन और हेमंत सोरेन के बीच की घनिष्टता का जिक्र किया। हेमंत जी राजनीति में नहीं आना चाहते थे, परंतु दुर्गा दादा की असामयिक मृत्यु और बाबा (शिबू सोरेन) के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें राजनीति के क्षेत्र में आना पड़ा। उन्होंने राजनीति को नहीं बल्कि, राजनीति ने हेमंत जी को चुन लिया। वह तो आर्किटैक्ट बनना चाहते थे। दुर्गा दा के जाने के बाद हेमंतजी के ऊपर- अब झामुमो, आदरणीय बाबा और स्व. दुर्गा दा की विरासत तथा संघर्ष को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी थी।

## हेमंत ने राजनीति को नहीं, बल्कि राजनीति ने ही उन्हें चुना

### झुकना झारखंडी के डीएनए में नहीं



कल्पना सोरेन ने लिखा कि झामुमो का जन्म समाजवाद और वामपंथी विचारधारा के समन्वय से हुआ था। झामुमो आज झारखड में आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों समेत सभी गरीबों, वंचितों और शोषितों की विश्वसनीय आवाज बन कर आगे बढ़ रही है। आदरणीय बाबा एवं स्व दुर्गा दा के संघर्षों और जो लड़ाई उन्होंने पूंजीपतियों-सामंतवादियों के खिलाफ लड़ी थी। उन्हीं ताकतों से लड़ते हुए आज हेमंत जी जेल चले गये। वे झुके नहीं। वैसे भी हमारे आदिवासी समाज ने कभी पीठ दिखाकर, समझौता कर, आगे बढ़ना सीखा ही नहीं है। झारखंडी के डीएनए में ही नहीं है झुक जाना। उन्होंने लिखा- सच हम नहीं, सच तुम नहीं, सच है सतत संघर्ष ही....। पोस्ट के अंत में हैशटैग के साथ लिखा कि झारखंड झुकेगा नहीं। कल्पना सोरेन।

### मेरे पिता के नाम का उपयोग न करें: राजश्री

कल्पना सोरेन के पोस्ट पर स्व दुर्गा सोरेन और सीता सोरेन की दोनों बेटियों ने जवाब दिया है। बेटी राजश्री सोरेन ने पोस्ट के जवाब में लिखा है कि मेरे पिता अपने लोगों के संरक्षक थे। उन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह लोगों की आवाज थे। उन्होंने झामुमो को मजबूत बनाने में अपना खून-पसीना बहाया। कृपया अपनी वास्तविकता छिपाने के लिए मेरे पिता के नाम का उपयोग न करें। वहीं दुर्गा सोरेन की दूसरी बेटी विजयश्री सोरेन ने लिखा कि मुझे पता है पापा आप जहां भी हैं, आपका प्यार और आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ है। झारखंड को झुकाना नहीं बचाना है। वहीं पोस्ट में उसने लिखा कि मां सीता सोरेन के 14 साल के संघर्ष और चुनौती का अंत हो गया। बिना झुके झारखंड की भलाई के लिए काम करने का निर्णय लिया है। अपने पिता दुर्गा सोरेन के बताये रास्ते पर चलकर अन्याय के खिलाफ जंग जारी रहेगी।

### हेमंत के भाई ही नहीं पिता तुल्य थे स्व दुर्गा दा : कल्पना सोरेन

हेमंत सोरेन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए कल्पना सोरेन ने बताया कि हेमंत सोरेन के लिए दिवंगत दुर्गा सोरेन केवल बड़े भाई के रूप में नहीं बल्कि पिता तुल्य रहे है। उन्होंने हेमंत सोरेन की शादी के समय की दुर्गा सोरेन और हेमंत सोरेन की तस्वीर साझा की है। कल्पना ने लिखा है कि 2006 में ब्याह के उपरांत बलिदानी परिवार का हिस्सा बनने के बाद मैंने हेमंत जी का अपने बड़े भाई के प्रति आदर तथा समर्पण और दुर्गा दा का हेमंत जी के प्रति प्यार देखा। उन्होंने इस परिवार का हिस्सा बनने के बाद यह देखा कि कैसे हेमंत सोरेन अपने बड़े भाई के प्रति आदर और समर्पण का भाव रखते थे और दुर्गा सोरेन हेमंत सोरेन के प्रति प्यार का।

## न्यूज डायरी

### झारखंड में कांग्रेस को 7, झामुमो को 5 सीटें

रांची। झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के सीट शेयरिंग पर मुहर लग गयी है। कांग्रेस झारखंड केखाते में सात और झामुमो को पांच सीट दिया गया है। एक- एक सीट राजद और सीपीआइ को दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सीपीआइ कोडरमा सीट से चुनाव लड़ेगी। वहीं राजद चतरा से अपना उम्मीदवार देगा। कांग्रेस और झामुमो किन- किन सीटों पर उतरेगा, यह अभी तय नहीं हो पाया है।

### सीआरपीएफ जवान ने की आत्महत्या

चतरा। जिले के वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र के केडिमो पोस्ट में सीआरपीएफ जवान निहाल सिंह ने बुधवार सुबह अपने सर्विस रायफल खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। आंशका है कि पारिवारिक कलेश की वजह से जवान ने आत्महत्या की है। वह राजस्थान के दौसा का रहने वाला था।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख





इंडिया गठबंधन ने भी भाजपा को उसी के अंदाज में दिया झटका

# जेपी पटेल कांग्रेस में शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही नेताओं में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने और बड़ी पारी खेलने के अवसर तलाशने की होड़ मची हुई है। 19 मार्च को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल ने दिल्ली में बुधवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। गीता और सीता के भाजपा में जाने के बाद झारखंड कांग्रेस ने भी भाजपा में सेंधमारी शुरू कर दी है। दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जेपी पटेल को झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस दौरान राष्ट्रीय नेता पवन खेड़ा, झारखंड सरकार में संसदीय कार्य सह ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की भी मौजूद थे। (शेष 11 पर)

### हजारीबाग से लड़ सकते हैं चुनाव



सूत्रों के अनुसार जेपी पटेल हजारीबाग से कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी होंगे। यह सीट कांग्रेस के पाले में आयी है। जेपी पटेल पूर्व में झामुमो विधायक थे। इनके पिता स्व. टेकलाल महतो भी झामुमो में थे और इनके श्वसुर विधायक मथुरा प्रसाद महतो भी झामुमो में हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले 23 अक्टूबर को झामुमो छोड़कर जेपी पटेल ने भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने जीत भी हासिल की थी। जेपी पटेल को भाजपा ने सचेतक बना दिया था। 2019 के चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने पर जेपी पटेल ने कहा था कि झामुमो अब परिवार वाली पार्टी बन गयी है। उन्होंने यह भी कहा था कि विधायकों और कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं मिलती।

## तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

**स्टार्टअप महाकुंभ में बोले पीएम मोदी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने बुधवार को कहा कि 1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी के रूप में उभरा है। सही निर्णयों के साथ एक विकसित राष्ट्र बनने का रोडमैप तैयार कर रहा है। यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वादा किया कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनायेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी अब सिर्फ मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है, यह अब एक सामाजिक संस्कृति बन चुकी है। पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्टअप भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा, स्टार्टअप इंडिया पहल ने नवीन विचारों को मंच दिया और उद्यमियों और उद्यमों को वित्त पोषण से जोड़ा। मोदी ने लोगों की बदलती मानसिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने नौकरी की तलाश करने के बजाय नौकरी देने वाला बनने का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप की कमान महिलाओं के पास है।

## पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इनमें तमिलनाडु की 33, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की 5-5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की 2-2 सीटें और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अनादमन और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर पहले चरण में मतदान होगा। नामांकन इस महीने की 27 तारीख तक भरे जा सकते हैं।

**आयकर विभाग का नियंत्रण कक्ष :** चुनाव आयोग को चुनाव में काले धन के उपयोग को रोकने के लिए सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत आयकर विभाग ने राजधानी दिल्ली में सातों दिन और चौबीस घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। साथ ही टॉल फ्री नंबर जारी किया जिसके माध्यम से शिकायत की जा सकती है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयकर निदेशालय (अन्वेषण), दिल्ली ने आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनावी उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली संभावित/संदिग्ध बेहिसाब नकदी, सरार्फा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए एनसीटी दिल्ली में कई व्यवस्थाएं की हैं।

# बर्लिन अस्पताल मामले में प्रीति कुमार से घंटों पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**फाइल ले कर पहुंचीं थीं प्रीति, अंबा के करीबी पंकज ने खोले कई राज**

**रांची।** वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार से ईडी के जोनल कार्यालय में इडी अधिकारियों ने बुधवार को घंटों पूछताछ की। इडी के अधिकारियों ने उनसे बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल के जमीन मामले में पूछताछ की। प्रीति कुमार इडी ऑफिस अस्पताल से जुड़े डॉक्यूमेंट को लेकर इडी कार्यालय पहुंची थी। सुबह 11 बजे प्रीति कुमार को इडी ने जोनल ऑफिस में बुलाया था। वह तय समय पर फाइल हाथ में लेकर ईडी दफ्तर पहुंची। प्रीति कुमार से पहले भी 12 जनवरी इडी अधिकारियों ने करीब छह पूछताछ की थी। जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान इडी ने पिछले साल 13 अप्रैल 2023 को बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के घर पर छापेमारी की थी। छापे में भानु के घर से एक बड़े बक्से में जमीनों के दस्तावेज मिले थे। रांची डीसी के आदेश पर इस ों सदर थाने में केस भी दर्ज किया गया था। इडी को जांच के क्रम में कई दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर और कुछ को गायब कर जमीनों की हेराफेरी की जानकारी मिली थी। इसी मामले की जांच के दौरान एजेंसी को बरियातू फायरिंग रेंज के पास की आठ एकड़ जमीन और बर्लिन अस्पताल की जमीन की भी जानकारी मिली थी। (शेष 11 पर)

## बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा रद्द, नयी डेट जल्द

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा फेज 3 को रद्द कर दिया है। आयोग बेहद जल्द ही एग्जाम की नई डेट जल्द जारी कर देगा। ये एग्जाम 15 मार्च को दो पाली में हुआ था। आयोग ने ये निर्णय एग्जाम से पहले ही पेपर लीक होने के आरोप की वजह से लिया है। जिन उम्मीदवारों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, वह काफी दिन पहले से ही इस एग्जाम को रद्द करने की मांग कर रहे थे। दूसरी पाली में कई अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व ही जवाब मिल गये थे। बीपीएससी की ओर से देरीसे लिये इस फैसले से अभ्यर्थियों में काफी गुस्सा है। पेपर लीक होने के आरोपों को लेकर बीपीएससी ने आर्थिक अपराध शाखा से सबूत भी मांगे थे। इसका उद्देश्य ये है कि परीक्षा से पूर्व प्रश्नपत्र लीक हुआ था या फिर नहीं। अपनी रिपोर्ट मिलने के बाद बीपीएससी ने एग्जाम को कैंसिल करने का निर्णय लिया।




**हनी ट्रैप :** लड़की और 2000 के चक्कर में देश की सुरक्षा से खिलवाड़

# पाक भेज दिये 25 सबमरीन और वॉरशिप के स्केच

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना से जुड़ी खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए पाकिस्तान हनी ट्रैप का इस्तेमाल कर रहा है। हाल ही में महाराष्ट्र एटीएस ने माझगाव डॉक पर काम करने वाला 30 साल के कल्पेश बायकर नाम के शख्स को पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीओआइ) के एजेंट्स से संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी कल्पेश के अकाउंट में पीओआइ के एजेंट ने 2000 रुपये भेजे थे और ये पैसे भेजने के लिए नयी दिल्ली के रहने वाले किरन पाल सिंह नाम के शख़्स के बैंक अकाउंट का इस्तेमाल किया गया था। सिंह एसबीआइ में काम करते थे और फि लहाल रिटायर हैं। सिंह ने एटीएस को को बताया की उन्होंने तो 2000 रुपये वेल नोन बिटकॉइन एक्सचेंज और अल्टकॉइन क्रिप्टो एक्सचेंज एप्लिकेशन पर डॉलर खरीदने के लिए दिये थे और ये पैसे कैसे कल्पेश के अकाउंट में गये इस बात की जानकारी उसे नहीं है।

**एजेंसियों को जांच में यह पता चला कि कैसे बिटकॉइन एक्सचेंज और अल्टकॉइन क्रिप्टो एक्सचेंज एप्लिकेशन का इस्तेमाल पाकिस्तानी आइएसआइ एजेंट कर रहे हैं।**

**खुफिया सूचना भेज दी :** जांच में यह भी पता चला कि कल्पेश ने पीआइओ की महिला एजेंट सोनाली शर्मा को गिरफ़्तारी के पहले तक 25 सबमरीन और वॉरशिप के स्केच साझा कर चुका है। एजेंसियों को इस जांच में यह पता चला कि कैसे बिटकॉइन एक्सचेंज और अल्टकॉइन क्रिप्टो एक्सचेंज एप्लिकेशन का इस्तेमाल पाकिस्तानी आइएसआइ एजेंट कर रहे हैं ताकि वो अपनी पहचान छिपाने में सफल रहें और भारत देश की संवेदनशील जानकारी भी हासिल कर लें।

**चीन से भी निकला कनेक्शन :** एटीएस ने उस एप्लिकेशन को चलाने वाली कंपनी जिसे कि एक चीनी नागरिक ने बनाया है की भी जांच शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपी कल्पेश ने बताया की उसका 29वां जन्मदिन था जब उसने सोनाली शर्मा (पीआइओ महिला एजेंट) से कहा को उसे उसका जन्मदिन का गिफ्ट चाहिए और वो चाहते है की सोनाली उसे उस दिन सामने मिले। पर उस दिन सोनाली ने उसे किसी बहाने से मिलने से इनकार कर दिया और कहा वो किसी और दिन मिलेगी। पर उसने कल्पेश के बैंक अकाउंट में सिंह के अकाउंट से 2000 रुपये भेज दिये और कहा इन पैसों से वो शॉपिंग कर ले।

## भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने अपना एक्स हैंडल प्रोफाइल बदला, बतायी आपबीती

# यदि हमने मुंह खोला तो कितनों का सत्ता सुख का सपना चूर-चूर हो जायेगा: सीता

**स्व. दुर्गा सोरेन के नाम की दुहाई देकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग मुंह में उंगली नहीं डालें**



> मेरे पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी के निधन के बाद से मेरे और मेरे बच्चों के जीवन में जो परिवर्तन आया, वह किसी भयावह सपने से कम नहीं था। मुझे और मेरी बेटियों को न केवल उपेक्षित किया गया, बल्कि हमें सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी अलग-थलग कर दिया गया
>
> **सीता सोरेन (भाजपा नेत्री)**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जामा की पूर्व विधायक सह भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने सोशल मीडिया पर बड़ा बयान दिया है। पार्टी और विधायकी से इस्तीफा देने के बाद बीजेपी का दामन थामने वाली सीता सोरेन और उनकी बेटियां एक्स पर आक्रामक हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि स्व दुर्गा सोरेन के नाम की दुहाई देकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग मुंह में उंगली नही डालें। उन्होंने कहा कि मैं और मेरे बच्चों ने मुंह खोला तो भयावह सच्चाई उजागर होगी। झारखंड की जनता उन पर थूकेगी। जिन्होंने हमेशा से दुर्गा सोरेन और उनके लोगों को मिटाकर समाप्त करने की साज़िश की है।

सीता सोरेन ने कहा है कि मेरे पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी के निधन के बाद से मेरे और मेरे बच्चों के जीवन में जो परिवर्तन आया, वह किसी भयावह सपने से कम नहीं था। मुझे और मेरी बेटियों को न केवल उपेक्षित किया गया, बल्कि हमें सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी अलग-थलग कर दिया गया। ईश्वर जानता है कि मैंने इस दौर में अपने बेटियों को कैसे पाला है। मुझे और मेरी बेटियों को उस शून्य में छोड़ दिया गया, जहां से बाहर निकल पाना हमारे लिए असंभव लग रहा था। मैंने न केवल एक पति खोया, बल्कि एक अभिभावक, एक साथी और अपने सबसे बड़े समर्थक को भी खो दिया। मेरे इस्तीफे के पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है। यह मेरी और मेरी बेटियों की पीड़ा, उपेक्षा और हमारे साथ हुए अन्याय के खिलाफ एक आवाज है। जिस झारखंड मुक्ति मोर्चा को मेरे पति ने अपने खून-पसीने से सींचा, वह पार्टी आज अपने मूल्यों और कर्तव्यों से भटक गई है। मेरे लिए, यह सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि मेरे परिवार का एक हिस्सा था। मेरा निर्णय भले ही दुःखदायी हो, लेकिन यह अनिवार्य था।

सीता सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों से अनुरोध किया है कि उनके इस्तीफे को एक व्यक्तिगत संघर्ष के रूप में देखें, न कि किसी राजनीतिक चाल के रूप में।

## झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला

# जस्टिस विक्रमादित्य और एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट दे राज्य सरकार: हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**क्या है मामला :** प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी। जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे।

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई में विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ-साथ एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने मामले के लिए सुनवाई 18 अप्रैल निर्धारित की है। इससे पहले कोर्ट ने सरकार से मौखिक पूछा कि जब जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट आ गई थी, तो फिर एक और नया आयोग क्यों बनाया गया? इस पर महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में कई खामियां थी। इस रिपोर्ट को 6 माह के भीतर विधानसभा के पटल पर भी नहीं रखा जा सका था। झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

## खबर एक नजर में

### झारखंड के गवर्नर ने तेलंगाना के गवर्नर के पद की शपथ ली



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को तेलांगना राज्य के राज्यपाल के पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर तेलंगाना के सीएम समेत अन्य उपस्थित थे। राज्यपाल को तेलंगना के राज्यपाल एवं पुडुचेरी के उप राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### बोकारो के प्रधान जिला जज संतोष कुमार की प्रतिनियुक्ति सुप्रीम कोर्ट में

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय की अनुशंसा के आलोक में प्रधान जिला जज बोकारो संतोष कुमार की सेवा एक वर्ष के लिए सुप्रीम कोर्ट में सौंपी गयी है। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में ऑफिसर ऑफ स्पेशल ड्यूटी, रजिस्ट्रार ग्रेड में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है।

### जेपी पटेल की विस सदस्यता रद्द करने की मांग

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने स्पीकर रवींद्रनाथ महतो को पत्र लिखकर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की विधानसभा की सदस्यता रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल भाजपा के चुनाव चिन्ह पर मांडू विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। भाजपा ने उन्हें पार्टी में सचेतक भी बनाया लेकिन वे संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुये कांग्रेस में शामिल हो गये। यह दल-बदल कानून के दायरे में आता है। इसलिये स्पीकर जेपी पटेल के खिलाफ संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत कार्रवाई करें।

### राहुल गांधी के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर एक महीने के लिए लगी रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है। दरअसल 27 फरवरी को चाईबासा सिविल कोर्ट ने अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दखिल की थी।

## गांडेय सीट से की चुनावी सभा का आगाज

# हेमंत होते तो नहीं खिलता कमल इसलिए भेज दिया जेल : कल्पना

> कल्पना सोरेन को गांडेय विस से विधायक बनाना है इसलिए मैंने इस सीट से इस्तीफा दिया था
>
> **सरफराज अहमद**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गिरिडीह।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन बुधवार को गांडेय विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थीं। इस दौरान गांडेय प्रखंड के केराडाबर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा पर हमला बोला। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को यह पता था कि हेमंत सोरेन जेल से बाहर रहेंगे तो लोकसभा चुनाव में एक भी कमल यहां से नहीं खिलेगा। नतीजा हेमंत सोरेन को एक साजिश के तहत जेल में डाला दिया। उन्होंने कहा कि वादा करने वाले हमेशा ठगते हैं और काम करने वाले हेमंत सोरेन को जेल में डालते हैं। इस दौरान कल्पना ने कहा कि जितनी कल्याणकारी योजना हेमंत सोरेन ने तैयार की है उसका फायदा जरूर उठाइये। इन योजनाओं का फायदा आप लेंगे नहीं तो सरकार के काम करने का मतलब नहीं रहेगा।

वहीं राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि कल्पना सोरेन को यहां से विधायक बनाना है इसलिए मैंने इस सीट से इस्तीफा दिया था। गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार ने कहा कि जो उम्मीद हेमंत सोरेन ने गांडेय की धरती से लगायी है वह उम्मीद जरूर पूरी होगी। आगमी चार जून को कल्पना सोरेन को हमलोग इस गांडेय विधानसभा सीट से जीत का सर्टिफिकेट देकर भेजेंगे, ताकि हेमंत का विश्वास यहां की जनता पर कायम रहे।

**दिवंगत विधायक सालखन सोरेन की पत्नी से लिया आशीर्वाद**

इससे पहले गांडेय विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची कल्पना सोरेन का बेंगाबाद और गांडेय प्रखंड में भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह हाथों में फूल माला और बुके लेकर महिला पुरुष कार्यकर्ता उनके स्वागत को खड़े थे। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा के जोरदार नारे बुलंद किये। डाक बंगला चौक के बाद वह गांडेय प्रखंड के लिए निकल पड़ीं।

अपने दौरे के क्रम में झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने करमजोरा मोड़ स्थित सिदो कान्हू पार्क स्थित सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद वह झलकड़ीहा स्थित दिवंगत विधायक झामुमो के कद्दावर नेता सालखन सोरेन की समाधि स्थल पर पहुंची।

# ओड़िशा की मयूरभंज की दो बेटियों के बीच है राजनीतिक लड़ाई, जेठानी-देवरानी में है संघर्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ओड़िशा के मयूरभंज की रहनेवाली दो बेटियां अब झारखंड की राजनीतिक लड़ाई में कूद पड़ी हैं। वह भी जेठानी और देवरानी के रूप में। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से झारखंड की राजनीति का पूरे देश में चर्चा है। एक ओर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सहानुभूति की लहर पर सवार होकर राजनीति में उतर चुकी हैं तो दूसरी ओर हेमंत की भाभी सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थाम सहानुभूति की एक और लहर पैदा करने की संभावना जागृत कर दी है।



### कौन हैं कल्पना सोरेन

कल्पना सोरेन होम मेकर हैं। पति हेमंत के जेल जाने के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा। वे पति को जेल भेजे जाने के बाद राजनीति में सक्रिय हुईं और महागठबंधन की ओर से मुंबई की बैठक में शामिल भी हुईं।



### कौन हैं सीता सोरेन

सीता सोरेन कोई बड़ी नेता नहीं हैं। उनके पास एकमात्र जमा पूंजी है उनके स्वर्गीय पति दुर्गा सोरेन का नाम। जामा विधानसभा से झामुमो के टिकट पर तीन बार की विधायक रहीं। पार्टी में सीता सोरेन केंद्रीय महासचिव के पद पर थी।

**2021 में ही सीता सोरेन ने बदलाव का दे दिया था संकेत :** सीता सोरेन दोनों बड़ी बेटियों जयश्री और राजश्री ने 2021 में अपने स्वर्गीय पिता दुर्गा सोरेन के नाम से सेना का गठन कर अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। तीन बार चुनाव जीतने के बावजूद उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया। पहली बार दुमका से उपचुनाव जीतने वाले गुरुजी के सबसे छोटे बेटे बसंत सोरेन को मंत्री बना दिया गया। उस दौरान तमाम नाराजगी के बावजूद सरकार के साथ रहीं। जैसे ही यह साफ हो गया कि कल्पना सोरेन मोर्चा संभालने जा रहीं हैं तो उन्होंने भी आर-पार की लड़ाई का फैसला ले लिया।

### दिशोम गुरू शिबू सोरेन के परिवार में दो फाड़

शिबू सोरेन के परिवार में दो फाड़ हो गया है। अब सवाल है कि सोरेन परिवार में पड़ी दरार का फायदा कल्पना सोरेन को मिलेगा या सीता को, यह आनेवाला वक्त बतायेगा। लेकिन, इसका जवाब फिलहाल कयासों में है। राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में जानकारों का मानना है कि ओड़िशा की ये दोनों बेटियां भविष्य में झारखंड की राजनीतिक फिजां को बदलने में अहम भूमिका निभाएंगी।

### सीता सोरेन और कल्पना सोरेन में समानता

झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के ज्येष्ठ पुत्र दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं सीता सोरेन। गुरुजी के मंझले पूत्र पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी हैं कल्पना सोरेन। दोनों ओड़िशा के मयूरभंज की हैं। कल्पना सोरेन को ठीक उसी तरह राजनीति में आना पड़ा जैसे सीता सोरेन आयीं। अंतर सिर्फ इतना है कि 21 मई 2009 को दुर्गा सोरेन के असमय निधन की वजह से सीता सोरेन को राजनीति में कदम रखना पड़ा। वे तीन बार से चुनाव जीतती रहीं।

### हेमंत सोरेन बढ़ते रहे आगे और भाभी सीता सोरेन छूट गईं पीछे

सीता सोरेन की तीन बेटियां हैं जयश्री, राजश्री और विजयश्री, जबकि कल्पना सोरेन के दो पुत्र हैं। एक और समानता ये है कि दुर्गा सोरेन के निधन के महज कुछ दिन बाद हेमंत सोरेन 24 जून 2009 को राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे लेकिन सही मायने में राजनीति की शुरूआत 2009 के विधानसभा चुनाव से हुई। 2005 में दुमका सीट हारने के बाद 2009 में हेमंत सोरेन ने वापसी की और इसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अर्जुन मुंडा सरकार में उप मुख्यमंत्री बने। बाद में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाकर सीएम बन गये। 2014 में रघुवर दास की सरकार बनी तो नेता प्रतिपक्ष रहे और 2019 में फिर सत्ता पर काबिज हो गये। लेकिन इस दौरान तमाम चुनाव जीतने के बावजूद सीता सोरेन विधायक के पद से ऊपर नहीं उठ सकीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमंडल सं0-2, राँची**

**शुद्धि-पत्र**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का निविदा संख्या-06/2023-24/EE/BCD/DIV-2,RANCHI जिसका P.R. No. 322119 है को अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0-2, राँची

PR 323163 Building(23-24).D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा**
**गृह (कारा) विभाग**
दूरभाष एवं फैक्स न0- 06534-252244,
Email- dj-koderma@jharkhandmail.gov.in

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Advertisement PR No-322320 दिनांक-12.03.2024 है, जिसमें निविदा प्रपत्र भरने /अपलोड करने एवं अग्रधन की राशि में अंशिक सुधार किया गया है। जिसे इस लिंक https://jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से download किया जा सकता है।

PR 323205 Home, Prison And Disaster Management(23-24)#D

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा


### लातेहार सिविल कोर्ट में हमला करने के आरोपी को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार

**रांची।** झारखंड के लातेहार सिविल कोर्ट में वर्ष 2022 में टाना भगत और आदिवासी समुदाय द्वारा घेराव और पुलिस पर हमले के आरोपी परमेश्वर टाना भगत को बेल देने से हाइकोर्ट ने इनकार कर दिया है। इस केस में अखिल भारतीय टाना भगत समिति के सचिव बहादुर टाना भगत और संगठन के नेताओं राजेंद्र टाना भगत, मनोज कुमार मिंज, धर्मदेव भगत, धानेश्वर टोप्पो और अजीत मिंज को इस केस में नामजद किया गया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में आरोपी की बेल पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता विनीत वशिष्ठ ने बेल याचिका का पुरजोर विरोध किया। जिसके बाद अदालत ने आरोपी की बेल याचिका खरीज कर दी।

# अप्रैल से प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की होगी निगरानी, लापरवाह शिक्षक नपेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों की शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए प्रोजेक्ट इम्पैक्ट चलाया जा रहा है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की निगरानी के लिए राज्य स्तर पर डेडिकेटेड टीम बनाने का फैसला लिया है। यह टीम हर हफ्ते स्कूलों में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की मॉनिटरिंग कर राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के साथ इस प्रोजेक्ट के आउटकम की जानकारी साझा करेगी। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की जमीनी पड़ताल के लिए राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम सभी जिलों में जायेगी। इसमें लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और हेडमास्टरों पर कार्रवाई भी की जायेगी। परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बुधवार को बैठक कर प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की समीक्षा की और इसके निगरानी को लेकर निर्देश दिया। वे खुद भी स्कूलों का निरीक्षण करने जाएंगे।

**हर विषय पर अलग-अलग ट्रेनिंग नहीं होगी :** पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक ने कहा कि हर बार अलग-अलग विषयों पर शिक्षकों, ट्रेनरों, वार्डन और हेडमास्टरों की ट्रेनिंग अलग-अलग नहीं होगी। इससे शैक्षणिक निरंतरता प्रभावित होती है और शैक्षणिक गतिविधियां भी समय पर पूरी नहीं हो पाती। कहा कि ऐसी प्रशिक्षण प्रणाली विकसित की जाए, जिसमें एक समय में सभी प्रभाग अपनी-अपनी ट्रेनिंग पूरी कर लें।

**सबकी जिम्मेदारी होगी तय :** आदित्य रंजन ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और हेडमास्टरों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों को रेस्पॉसिब्लिटी रजिस्टर तैयार करने का निर्देश दिया है। कहा कि स्कूलों में प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रबंधकों, शिक्षकों, हेडमास्टरों से लेकर हाउस कप्तान और क्लास मॉनिटर तक की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।

उन्होंने स्कूलों के हाउस कप्तानों और क्लास मॉनिटर के अंदर नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए उन्हें लगातार प्रोत्साहित करने का निर्देश भी दिया।

### स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना मामले में अगली सुनवाई 19 अप्रैल को

**रांची।** हाइकोर्ट में स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने एफिडेविट फाइल करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई तक एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई की तारीख 29 अप्रैल को दी गयी है। इस संबंध में संतोष कुमार सोनी ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर कहा है कि परियोजना में अब तक 6.5 हजार करोड़ खर्च हो चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने मार्च 2020 में इस योजना पर काम बंद करने का आदेश दिया है।


**कार्यालय, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 20-बरकट्ठा वि0स0क्षे0 -सह-भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बरही, हजारीबाग**

**-:मतदान केन्द्र स्थल के नाम परिवर्तन की आम सूचना:-**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक-64/पूर्व0 अनु0-1/झारलो0स0/2024, दिनांक 15.03.2024 द्वारा दी गयी सहमति तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी -सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक-02/नि0म0के0पु0-18-01/2023/1103, रांची दिनांक 15.03.2024 के द्वारा दी गई संसूचना के आलोक में सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत 20-बरकट्ठा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन हुए है:-

| क्र0 | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | पूर्व में अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | नव अनुमोदित/परिवर्तित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 20-बरकट्ठा | 34-उ0म0वि कन्द्रपडीह (पूर्वी भाग) | 34-पंचायत भवन कन्द्रपडीह |

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
20-बरकट्ठा वि0स0क्षे0-सह-
भूमि सुधार उप समाहर्ता,बरही, हजारीबाग

PR 323210 (Election)23-24*D


## लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा का एडवांस प्लानिंग जारी

# लोकसभा चुनाव 2024: झारखंड में भारतीय जनता पार्टी बिगाड़ सकती है इंडी गठबंधन का सियासी समीकरण!

**चतरा, धनबाद और गिरिडीह सीट को छोड़कर भाजपा ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार की कर दी है घोषणा, दूसरी ओर गठबंधन दलों के बीच खींचतान है जारी**



**उदय चौहान**


**रांची।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा का एडवांस प्लानिंग जारी हो गया है। झारखंड में भाजपा अपने प्रतिद्वंद्वी दलों का सियासी समीकरण बिगाड़ने का माद्दा रखती है। भाजपा ने चतरा, धनबाद व गिरिडीह को छोड़कर सभी सीटों के लिये अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। जबकि, गठबंधन दलों के नेता आपसी खिंचतान में उलझे हैं। हालांकि, पिछले चुनाव परिणाम से सीख लेते हुये इंडी गठबंधन दोस्ताना लड़ाई करने के मूड में नहीं हैं। कहा जा रहा है कि राजद व वाम दल दोस्ताना संघर्ष के लिये राजी हो रहे हैं। जबकि, कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में गठबंधन दलों में बिखराव नहीं चाहती है। कारण स्पष्ट है कि पिछली बार दोस्ताना संघर्ष के कारण गठबंधन दलों को भारी नुकसान पहुंचा था। चतरा, कोडरमा व पलामू लोस सीट पर गठबंधन दलों के बीच हुआ था दोस्ताना संघर्ष। विपक्ष में बिखराव का फायदा उठा कर भाजपा ने इन तमाम सीटों पर बाजी मारी थी। मौजूदा हालात में एक बार फिर इसी तरह के समीकरण बन रहे हैं।

इंडी गठबंधन के कई दल एक ही सीट पर दावेदारी करते दिख रहे हैं। राजद ने पलामू और चतरा पर फिर दावा ठोंका है। कोडरमा में कांग्रेस के अलावा भाकपा माले ने भी उम्मीदवार देने की तैयार में जुटा है। जाहिर तौर पर कांग्रेस दोस्ताना संघर्ष से बचना चाह रही है। गठबंधन दलों को इसके लिये तैयार करना कांग्रेस के लिये आसान नहीं है। झारखंड में इंडी गठबंधन का सबसे बड़ा घटक झामुमो भी कई सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित करने के मूड में हैं। ऐसी ही सीटों में सिंहभूम व रांची भी शामिल है।

सूत्रों के अनुसार गीता कोड़ा के भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस व गठबंधन दल संशय में है। हालाकि, झामुमो ने सिंहभूम सीट पर दावा किया है। रांची सीट पर कांग्रेस व झामुमो के बीच झकझूमर चल रहा है। इन सब के बावजूद भाजपा के लिये उत्साहित करने वाला माहौल बनता दिख रहा है।

स्पीड न्यूज

## गम्हरिया के नामोपाड़ा में देखा गया तेंदुआ, दहशत



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र में बीते 4 दिनों से घूम रहे तेंदुए का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। विगत दो दिनों तक तेंदुए की गतिविधि का पता नहीं चलने के बाद मंगलवार देर रात तेंदुए को बड़ा गम्हरिया के नामोपाड़ा क्षेत्र जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में देखा गया है, जिससे लोग काफी भयभीत हैं। गम्हरिया स्टेशन रोड नामोपाड़ा के पास मंगलवार देर रात तकरीबन दो से तीन बजे के बीच नामोपाड़ा के सीताराम नायक ने अपने घर के पास तेंदुए को खड़ा हुआ देखा।

## सुशील भगत बने कांग्रेस सोशल मीडिया समन्वयक



**जमशेदपुर।** सोशल मिडिया में ईमानदारी पूर्वक सक्रिय रहने वाले सुशील कुमार भगत को 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए जमशेदपुर कांग्रेस के सोशल मिडिया टीम में सह समन्वयक जैसी महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गयी है। वर्तमान में वह झारखंड प्रदेश इंटक के सोशल मीडिया इंचार्ज भी हैं। श्री राकेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में वह कार्य करते हैं। 2019 विधानसभा चुनाव में वे पूर्वी विधानसभा के मीडिया इंचार्ज की भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने बांटा खाना और अफ्तार



**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने बुधवार को रमजान पर एमजीएम अस्पताल में जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। भोजन में शीरमाल, खजूर, फल और मिनरल वाटर का वितरण एमजीएम अस्पताल में रह रहे मरीजों परिजनों एवम अभिभावक के बीच किया। मौके पर कमेटी अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, आजादनगर थाना शांति समिति के मुख्तार आलम खान, हाजी मोहम्मद अयूब अली, मास्टर खुर्शीद खान ने संयुक्त रूप से भोजन वितरण किया। सभी लोगों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपने आप को बहुत गर्वमानित महसूस किया और आगे भी इस तरह के कार्य करने की बात कही।

## छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू

**जमशेदपुर।** छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 बुधवार से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मोहन आहूजा स्टेडियम और टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेन्टर में शुरू हुई। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम देश भर के पैरा बैडमिंटन एथलीटों की अविश्वसनीय प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करता है। उद्घाटन मैच टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी की मौजूदगी में हुआ।

## भागने मामले में कांग्रेस नेता संजय पर दोष साबित



**जमशेदपुर।** जिला व्यवहार न्यायालय में कांग्रेस नेता संजय यादव पर अदालत से भागने का दोष साबित हो गया और उन्हें तीन हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुना दी गयी। इस कांग्रेस नेता पर कदमा थाना में साल 2012 में एक मामला दर्ज हुआ था और उसे मामले में वह उच्च न्यायालय की शरण में गये थे। उच्च न्यायालय ने उनके मामले पर स्टे ले लिया था और वह निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत लेने के लिये गये। घटना 15 फरवरी 2019 की है। वह न्यायिक दंडाधिकारी श्री कृष्णा लोहार के अदालत में आत्म समर्पण किया और जमानत का आदेश लेने की याचिका दाखिल की न्यायिक दंडाधिकारी ने उन्हें कस्टडी में लेते हुए कस्टडी वारंट बनने का आदेश कोर्ट क्लर्क को दिया।

# बुजुर्ग-दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर रहेगी विशेष सुविधा

- डीसी और एसएसपी ने किया सुदूर डुमरिया प्रखंड के मतदान केंद्रों का दौरा
- प्रखंड मुख्यालय की बैठक में चुनाव के तैयारियों की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने डुमरिया प्रखंड में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीण एसपी श्री ऋषभ गर्ग, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, एसडीएम घाटशिला सच्चिदानंद महतो, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, बीडीओ डुमरिया सुश्री चंचला कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिले के वरीय पदाधिकारियों ने निरीक्षण के क्रम में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय डुमरिया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बड़ाबोतला स्थित मतदान केन्द्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा शौचालय, रैंप, बिजली, पेयजल, आगमन एवं निकास द्वार आदि का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



डुमरिया के एक मतदान केंद्र पर आवश्यक निर्देश देते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में एसएसपी किशोर कौशल व अन्य पदाधिकारी।

क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने प्रखंड मुख्यालय में बैठक कर चुनाव के तैयाारियों की समीक्षा की। बैठक में क्रिटिकल मतदान केंद्र, पोस्टल बैलेट से मतदान करने वालों की संख्या का आकलन, कलस्टर बनाने, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, व्यय को लेकर संवेदनशील पॉकेट आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव के तिथि के घोषणा के उपरांत ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। चुनाव की तैयारियों के साथ साथ यह जरूरी है कि प्रखंड क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाये। इस संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारी सक्रिय होकर अपने दायित्यों का निर्वहन करेंगे, निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकारी की लापरवाही नहीं करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाने एवं मतदाताओं को घर घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोगों की चुनावी भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए जनजागरुकता जरूरी है। साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार सुविधायें उपलब्ध कराते हुए मतदान केन्द्र तथा लाने अथवा घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

# बिजली दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर चुनाव के बाद निर्णय संभव

- टाटा स्टील ने आयोग के सामने रखा 10 फीसदी विद्युत शुल्क वृद्धि का प्रस्ताव
- उपभोक्ताओं ने कहा- टाटा की बिजली का जवाब नहीं, पर शुल्क वृद्धि उचित नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड (टीएसएल) के बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर बुधवार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने गोलमुरी क्लब में जनसुनवाई की। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता, सदस्य (तकनीकी) अतुल कुमार और सदस्य (विधि) महेंद्र प्रसाद ने कंपनी के प्रस्तावित दर पर उपभोक्ता का राय जानी। मात्र एक उपभोक्ता ने बढोतरी का विरोध किया, जबकि बाकियों ने कहा कि नाममात्र की वृद्धि ठीक रहेगा। अधिकांश का कहना था कि घरेलू बिजली दरें नहीं बढ़नी चाहिए। कुछ उपभोक्ताओं का कहना था कि गुणवत्तायुक्त निरंतर बिजली के लिए वे थोडा आर्थिक बोझ बर्दाश्त कर सकते हैं।



जन सुनवाई में बोलते न्यायमूर्ति अमिताभ गुप्ता। साथ में तकनीकी एवं विधि सदस्य।

टाटा स्टील ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए टू अप, वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए एआरआर को लेकर बिजली दर में बढ़ोतरी का आवेदन दिया है। इसमें प्रति यूनिट 10% तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। कंपनी और उपभोक्ताओं को सुनने के बाद आयोग अध्यक्ष ने कहा कि एक सप्ताह में आयोग को उपभोक्ता अपनी आपत्ति भेज सकते हैं। कंपनी की रिपोर्ट बताती है कि डिस्ट्रीब्यूशन लॉस बहुत कम है। देश के अन्य शहरों से टीएसएल की प्रस्तावित बिजली दर सबसे कम है। जल्द ही नियामक आयोग इसपर अपना फैसला सुनायेगी। जनसुनवाई में टीएसएल के सीनियर डिवीजन मैनेजर (इपी एंड सी) सुमन मंडल ने आयोग को बताया कि बिजली दरों में बढ़ोतरी क्यों जरूरी है? वहीं कंपनी के अधिकारी बीपी सिंह ने उपभोक्ताओं के बिंदुओं पर अपना जबाव आयोग को दिया। आयोग के सदस्य (विधि) महेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार की मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलाने में आयोग कंपनी कमांड इलाके के उपभोक्ताओं की कोई मदद नहीं कर सकता; क्योंकि यह सरकार का फैसला है और इसमें आयोग हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। सारी बातों को ध्यान में रख आयोग बिजली टैरिफ पर फैसला लेगी।

## टाटा स्टील को जैव विविधता प्रबंधन में उत्कृष्टता पुरस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर। नई दिल्ली/ भुवनेश्वर।** टाटा स्टील की सुकिंदा क्रोमाइट खदान को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स 2023 में जैव विविधता में उत्कृष्टता प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कंपनी के फेरो अलॉय एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित, इस माइन को अपने परिचालन क्षेत्र में और उसके आसपास जैव विविधता संरक्षण में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक और सीआईआई के प्रेसिडेंट डेसिग्नेट संजीव पुरी ने नई दिल्ली के ताज



महल होटल में आयोजित 18वें सीआईआई आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स में प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। सुकिंदा क्रोमाइट माइन के हेड (माइनिंग) देवराज तिवारी ने कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।

टाटा स्टील के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (एफएएमडी) पंकज सतीजा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

## ट्रांसपोर्ट मैदान में 29 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

- मिथिला महोत्सव सह सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति द्वारा संप्रति आयोजित मिथिला महोत्सव 2024 सह सामूहिक उपनयन संस्कार के पांचवे दिन बुधवार को उपनयन संस्कार वैदिक विधि विधान से संपन्न हुआ।

एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ आम-महु विवाह के विधान के साथ हुआ, तत्पश्चात मातृका पूजन कर कुल देवी और पितरों का आह्वान किया गया। इसके पश्चात समस्त बटुक अपने अपने आचार्यों



उपनयन के पश्चात बटुकगण अतिथियों संग ग्रुप फोटो खिंचवाते हुए।

के साथ मण्डप पर मुख्य संस्कार के लिए बैठे। बारी बारी से ब्रह्मा आदि का विधान हुआ। तत्पश्चात मातृ भिक्षा सम्पन्न कराया गया। वैदिक परंपरा के अनुसार मातृभिक्षा के बाद बटुक शिक्षा ग्रहण को गुरुकुल चले जाते थे। अंत मे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बटुकों का मुंडन कराते हुए यज्ञोपवीत धारण कराया गया। समस्त पौरोहित्य कर्म पंडित बिपिन झा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। अब से चार दिन बटुक सात्विक जीवन बिताते हुए बिना नमक का भोजन लेंगे और आगामी 23 तारीख को रातिम विधि के साथ उन्हें नमकीन भोजन कराया जायेगा।

**उपनयन कमेटी के सदस्यों को मिला सम्मान**

1. गणपति झा
2. पूरण झा
3. रंजीत झा

## टुईलाडुंगरी से गोलमुरी शिव मंदिर तक धूमधाम से निकली बाबा खाटू श्याम जी की निशान यात्रा

- भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे भक्तगण, चलंत दरबार में शीश की झांकी बना आकर्षण का केंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी के शुभ अवसर पर बुधवार की सुबह टुईला डुंगरी स्थित हिंदुस्तानी संघ स्कूल से बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गयी, जो गोलमुरी श्री शिव मंदिर पहुँचकर संपन्न हुई। जिसमें 351 से अधिक भक्तगण बाबा श्याम को निशान अर्पण किये। इससे पहले हिंदुस्तानी संघ स्कूल में सुबह 7 बजे चार यजमान मधुसूदन जोशी, शंकर लाल अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल और



सुशील चौधरी ने सपत्नी ध्वजा पूजन किया और पंडित महेश शर्मा ने पूजा कराया। निशान पूजन मे विधायक सरयू राय भी शामिल होकर राज्य और देश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। विश्व के कल्याण की कामना के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन शहर की सामाजिक एवं धार्मिक चार संस्था श्री श्याम मंडल गोलमुरी, श्री श्याम मंडल टुईलाडुंगरी, श्री श्री शिव मंदिर समिति गोलमुरी एवं श्री श्याम महिला मण्डल टुईलाडुंगरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

निशान यात्रा गोलमुरी मेन रोड़, गोलमुरी बाजार मस्जिद रोड़ एवं आकाश दीप प्लाजा से होते हुए शिव मंदिर पहुँची। लगातार हो रही बारिश में भी भक्तगण हाथों में निशान लेकर पूरे रास्ते भजन कीर्तन एवं बाबा की जय जयकार करते चल रहे थे। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था।

## नृत्य-बसंत में भारतीय शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय लोक और बॉलीवुड नृत्य शैली पर प्रस्तुति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन की अर्बन सर्विसेज इकाई सीएसआर जमशेदपुर के एक हिस्से के रूप में शहर के शहरी क्षेत्रों के कल्याण के लिए तत्परता से काम कर रही है। सामाजिक विकास और शहरी क्षेत्र के कमजोर वर्गों की आर्थिक स्थिति की सुरक्षा करना हमारे लिए एक प्रमुख चिंता का विषय और रुचि का क्षेत्र रहा है। इन वंचित तबकों की महिलाओं, युवाओं और बच्चों के मौजूदा कौशल को पोषित करने और मजबूत करने के लिए, अर्बन सर्विसेज कला, खेल आदि के क्षेत्र में पिछले 18 वर्षों से पूरे जमशेदपुर के सामुदायिक केंद्रों में कोचिंग, सिलाई, मेहंदी, ब्यूटीशियन,



शास्त्रीय नृत्य और संगीत, जैसी अर्ध-कुशल और कुशल कक्षाओं को बढ़ावा दे रही हैं और संचालित कर रही हैं। इनको प्रेरित करने और कार्यक्रमों में शामिल करने और उनकी प्रतिभा दिखाने के लिए नियमित अंतराल पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य और समकालीन नृत्य रूपों को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए हम हर साल नृत्य प्रतियोगिता/ उत्सव और कार्यशालाएं आयोजित करते रहे हैं।

# स्वदेशी मेला का आज अंतिम दिन, जादू रहा आकर्षण का केंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वदेशी मेला में बुधवार को समाज निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका पर संगोष्ठी हुई। जिसके मुख्य वक्ता जवाहरलाल शर्मा, रमेश कुमार और प्रो बी कुमार रहे। मंच संचालन अभय सिंह और धन्यवाद ज्ञापन राजपति ने किया। संगोष्ठी में वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक योगदान पर चर्चा हुई।

महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता भी हुई, जिसके संयोजक देव कुमार रहे। इसमें



मेले में जादू दिखाते कलाकार सुबीर मजूमदार, घर का पिकल्स के स्टॉल पर गिरिजा फूड प्रोडक्टस के एमडी एवं पूर्व डीएसपी श्री चतुर्वेदी और मिट्टी के बने ईयर रिंग में स्पेशलाइज जमशेदपुर का स्टार्ट अप अक्षय के स्टॉल का दृश्य।

प्रथम पुरस्कार पूर्णिमा कुमारी, द्वितीय संगीत कुमारी और तृतीय पायल डे ने हासिल किया।

टाटा मेन हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग के हेड डॉ मंदार साह, डॉ विमलेंदु, डॉ जयदीप एवं उनकी टीम ने लोगों को जानकारी दी। मुंबई से प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुमैय्या राघवन ऑनलाइन जुड़ कर हमें मार्गदर्शित किया। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति अपने आप में एक प्राथमिक उपचार करने वाला डॉक्टर बन सकता है यदि उसने सीपीआर तकनीक सीख ली। आज के दौर में हृदयाघात की घटनाएं बहुत बढ़ गयी है। हम सभी को यदि यह तकनीक आ जायेगी तो हम हार्ट अटैक वाले व्यक्ति का प्राथमिक इलाज सीपीआर तकनीक से कर सकते हैं।

## एक नजर में

### गोविंदपुर में मनी जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि



**जमशेदपुर।** उत्तरी छोटगोविंदपुर के मुखिया रंजीत सिंह सरदार के नेतृत्व में गोविंदपुर में स्व जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर मुख्य अतिथि जिप सदस्य डॉ परितोष सिंह ने कहा कि आदिवासियों अधिकार के लड़ाई के प्रणेता, झारखंड अलग राज्य के सूत्रधार स्व जयपाल सिंह मुंडा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। लेखक, पत्रकार, चिंतक के साथ हॉकी में भारत को प्रथम स्वर्ण दिलाने का गौरव भी उन्हें प्राप्त है। उनका पूरा जीवन अनुकरणीय है। आज हमें उनके बताये रास्ते पर चलने का प्रण लेना चाहिए। मौके पर मुखिया राखी सिंह सरदार, पंसस सतवीर सिंह बग्गा, उप मुखिया दिनेश कुमार, बालाजी भगत, विजय कुमार, निधि कुमारी आदि भी उपस्थित थे।

### संथाली सिनेगा एसो. ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**जमशेदपुर।** बुधवार को संताली सिने एसोसिएशन के बैनर तले संताली और हो फिल्म के निर्माता, निर्देशक, कलाकार और टेक्नीशियन की एक टीम ने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम से भेंट किया और मुख्यमंत्री के नाम 8 सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि संताली सिने एसोसिएशन की मांगों को मुख्यमंत्री या उससे संबंधित विभाग को अग्रसारित करेंगे। मांग पत्र में कहा गया है कि झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को सुचारू रूप से संचालन एवं सलाह देने हेतु गठित फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल आफ झारखंड की पुरानी कमेटी को रद्द कर तत्काल उसका पुनर्गठन किया जाये और नई कमेटी में संथाली कलाकारों एवं अन्य स्थानीय फिल्म कारों को शामिल किया जाये। मांग पत्र में यह भी कहा गया है कि फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल आफ झारखंड का अध्यक्ष पद सिर्फ कलाकारों के लिए होता है। पहले अवधि में अनुपम खेर और दूसरी अवधि में मेघनाथ को अध्यक्ष बनाया गया था, अब किस आधार पर ब्यूरोक्रेट राजीव लोचन बक्शी को मनोनीत किया गया है। फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड में 60-40 फीसदी का कोरम पूरा नहीं किया गया है। साथ ही अन्य नियम भी उपयुक्त नहीं है क्योंकि इसके आधार पर सिर्फ बाहरी लोगों का ही मनोनयन होगा और झारखंड राज्य के फिल्म का कलाकार टेक्नीशियन की भागीदारी नहीं होगी।

### पूर्व सैनिकों का होली मिलन समारोह संपन्न



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर का होली मिलन समारोह सिदगोड़ा स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल में मना। इसमें मुख्य अतिथि नमन के अमरप्रीत सिंह काले/ क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष एवं समाजसेवी शिव शंकर सिंह शामिल हुए। संगठन के अध्यक्ष हवलदार विनय यादव ने अतिथियों का स्वागत व परिचय कराया। इसमें फगुआ मंडली ने होली गीत से समां बांध दिया, तो होली के पारंपरिक पकवानों के साथ गुलाल-अबीर से होली खेली गयी। कार्यक्रम में भारी मात्रा में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों के साथ-साथ सैन्य मातृशक्ति भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के पूजन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। सभी की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम के जोश को दुगना कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक साथियों के साथ साथ मातृसक्ति कि भी सहभागिता रही। जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह के द्वारा संगठन गीत गाया गया। संगठन के संस्थापक वरुण ने मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ढोलक और झाल की थाप के साथ होली के गीतों पर पूरा पूर्व सैनिक समाज झूमता नजर आया। उमेश के गीतों ने तो लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उमेश शर्मा, प्रकाश पूरी जी ने गीत प्रस्तुत की। मातृ शक्ति की महिलाओं ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने भी अपनी अलग टोली बनाकर संगीत और नृत्य के साथ कार्यक्रम में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई। मातृ शक्ति की अध्यक्षा मंजुला जी ने इस अवसर पर मौजूद सभी मातृ शक्ति की सदस्यों को संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### फोटोग्राफर सोसायटी का होली मिलन संपन्न



**जमशेदपुर।** फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड ने पहली बार होली मिलन समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया। मंगलवार को बाराद्वारी विश्वकर्मा समाज हॉल में कार्यकर्ता सह होली मिलन समारोह में अतिथि के तौर पर शुभ भट्टाचार्जी, डी एस भोगल, हर्षद मोदी, रामु मुनका शामिल हुए। सबसे पहले महिला गायिका पूजा सिंह ने गणेश बंदना गीत प्रस्तुत की। वहीं संस्था के अध्यक्ष सुमन शर्मा ने कार्यक्रम की घोषणा की। वरिष्ठ फोटोग्राफर विजय सिंह व मनोज जोशी ने सभी सदस्य को अबीर का टीका लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर शहर व आसपास के सैकड़ों फोटोग्राफर शामिल रहे। सभी एक दूसरे को रंग बिरंगे अबीर गुलाल लगाकर व गले मिल कर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर महिला गायिका पूजा के होली गीत पर सभी सदस्य हर्ष उल्लास के साथ झूमते नाचते गाते नजर आये।

## स्पीड न्यूज

### आयुक्त ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



**पड़वा, पलामू।** लोकसभा को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने पड़वा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कहा कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने से चुनावी प्रक्रिया सुगम हो सकेगी। दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था हो। मौके पर सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, पड़वा बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद, सीओ हलधर सेठी, आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा थे।

### डीलर की मनमानी को लेकर सड़क जाम



**पाटन, पलामू।** प्रखंड के सेमरी डीलर विनय मांझी पर ग्रामीणों ने पिछले 6 महीना से अंगूठे लगाकर राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बुधवार को पाटन मुख्य मार्ग को कुछ घंटे तक जाम कर दिया। बता दें कि डीलर पर अनियमता बरतने के आरोप लगे हैं। लाभुकों ने बताया कि चार से छह महीना का अंगूठे का लगाकर लाभुकों को राशन नहीं दिया गया है। टाल मटोल कर समय दिया जाता है। कुल राशन कार्डधारकों की संख्या 247 है जबकि लाइसेंस नंबर 1/ 2000 बताया जाता है। प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी से मिलकर इनपर कार्रवाई की बात कही। वहीं लाभुक डीलर को हटाने की मांग कर रहे थे। प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जांच कर जांच प्रतिवेदन जिला को समर्पित किया जा रहा है। इस संबंध में डीलर पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### सीओ को डिजिटल नहीं, जनता परेशान

**पाटन पलामू।** पाटन अंचल में जमीन संबंधित कार्य नहीं किये जाने से क्षेत्र की जनता परेशान है। इसका कारण पाटन सीओ लाल बाबू को डिजिटल नहीं मिलना बताया जा रहा है। इधर, जमीन का कार्य अंचल से नहीं होने से ग्रामीण अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इनकी परेशानी सुननेवाला कोई नहीं है। दूरदराज गांव से ग्रामीण विवश होकर घर लौटने पर विवश हैं। पाटन सीओ लाल बाबू ने बताया कि मुझे डिजिटल नहीं मिला है तो जनता का काम कैसे करें। अंचल कार्यालय में इक्का-दुका कर्मचारी छोड़ कोई नजर नहीं आता। इस व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधि भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे जनता में घोर निराशा व्याप्त है।

### किराना दुकान से शराब बरामद, एक धराया



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा पुलिस ने बुधवार को खामडीह के सुधीर साव को पूर्णाडीह स्थित किराना दुकान में छापामारी के दौरान बीयर तथा अंग्रेजी शराब बरामद किया है। जिसमें कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को जेल भेज दिया है। प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई राजीव रंजन वन के नेतृत्व में दुकान की छानबीन की गयी। पुलिस ने किंग फिशर बीयर की एक पेटी (12 बोतल) तथा आरएस की दो पेटी में 32 तथा आईबी 18, आरसी और स्टर्लिंग 180 एमएल 180 के साथ आरएस हाफ के एक बोतल बरामद हुए हैं। छापामारी में एस आई रघुराय कोटराय, राजीव रंजन (वन), बसंत दुबे व सुबोध कुमार थे।

### ममता ने अधिवक्ताओं से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा से नाता तोड़ राजद का दामन थामने के बाद ममता भुइयां पलामू संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद से हरी झंडी मिलने के बाद बीते दिन राजद कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ जिला कार्यालय में स्वागत किया। उसके बाद ममता राजद कार्यकर्ता व समर्थकों के साथ जनसपंर्क अभियान में लग गयी है। इसके तहत बुधवार को कचहरी स्थित पलामू जिला अधिवक्ता संघ पहुंच कर अधिवक्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने अधिवक्ताओं से आशीर्वाद मांगा। कहा कि पलामू की बेटी हूं, बेटी की भांति क्षेत्र की जनता को आदर भाव देकर विकास करूंगी। अधिवक्ताओं ने भरोसा दिया कि चुनाव मैदान में मजबूती के साथ लगें। उनके साथ जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा भी थे।

### अष्टभुजी देवी धाम प्रांगण में झूमे श्रोता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप के मुख्य कस्बा रेहला स्थित अष्टभुजी देवी धाम मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह किया गया। जिसका उद्घाटन बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, संत पॉल कान्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, एसएस सतीश कुमार, डॉ डीपी शुक्ला, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल कुमार सिंह व समाजसेवी श्याम किशोर चंद्रवंशी, समाजसेवी ज्वाला गुप्ता ने किया। समारोह की अध्यक्षता प्रमोद दीक्षित व संचालन टुनटुन दीक्षित ने किया। गायकों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाये। जिस पर श्रोता जमकर झूमे। इस दौरान खूब अबीर गुलाल उड़े। मौके पर बबन पाठक, रामचंद्र साव, गोविंद सिंह, नीरज दीक्षित, कौशल दीक्षित, श्रीकांत दीक्षित, रविशंकर तिवारी आदि मौजूद थे।

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में बसपा के 10 लोगों पर मामला दर्ज

**नीलांबर पितांबरपुर, पलामू।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता दिखे एक्शन में आदर्श आचार संहिता को लेकर सभी राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर को हटवाया। साथ ही थाना से सटे पुराना ब्लॉक परिसर में बहुजन समाज पार्टी का सदस्यता ग्रहण समारोह कार्यक्रम में बिना परमिशन के बैनर और लाउडस्पीकर लगाकर सदस्यता ग्रहण और चुनावी सभा कराने को लेकर दंडाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में लेस्लीगंज थाना में दस नामजद सहित सैकड़ों अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। नामजद अभियुक्त बसपा पलामू जिलाध्यक्ष अजय भारती, युगल किशोर राम, लातेहार जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह खरवार, चतरा लोकसभा प्रभारी चंद्रशेखर दास, चतरा जिलाध्यक्ष विनोद राज, गढ़वा जिलाध्यक्ष सुनील रवि, चतरा लोकसभा पूर्व प्रत्याशी हाजी जैनुल आवेदिन, पांकी विस अध्यक्ष वासुदेव रवि आदि शामिल हैं।

# विकसित राष्ट्र का संकल्प और दूरदर्शी सोच केवल भाजपा के पास : बीडी राम

■ भाजपा के हरिहरगंज तथा पिपरा मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** भाजपा के हरिहरगंज तथा पिपरा मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को आयोजित की गयी। इसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी तथा पलामू के वर्तमान सांसद एवं पलामू लोकसभा से भाजपा के घोषित उम्मीदवार विष्णु दयाल राम उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकमात्र भाजपा संकल्पित है। साथ ही देश में दूरदर्शी नेतृत्व भी सिर्फ भाजपा के पास है। उन्होंने कहा कि सत्ता पाने के लिए विपक्षी पार्टियां हर तरह का हथकंडा अपना कर जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। जिसे भाजपा कार्यकर्ता सफल नहीं होने देंगे।





**खास बातें :** इनके अलावा जिलाध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। हरिहरगंज में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम एवं पिपरा में मंडल अध्यक्ष संजय मेहता ने की। बैठक को प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र सिंह, प्रफुल्ल सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मौके पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, हुसैनाबाद मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, सांसद निजी सचिव अलख दुबे, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, नरेंद्र सिंह, ईश्वरी पांडे, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, सत्येन्द्र पासवान, दिनेश गुप्ता, भीष्म नारायण सिंह, रघुनंदन साव, कन्हाई विश्वकर्मा, संजीव सिंह, सत्येंद्र मेहता, अमित कुमार, लाल बहादुर सिंह, अनिल प्रजापति, चंदन सिंह, भीमसेन शर्मा, विजय प्रजापति सतेंद्र सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

# मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ वोटरों को मिले जरूरी बुनियादी सुविधाएं : आयुक्त

■ आयुक्त ने पांकी, छतरपुर एवं डालटनगंज विस क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आयुक्त ने भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली। साथ ही मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। भ्रमण के दौरान पांकी, छतरपुर एवं डालटनगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले कुछ मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। वहीं मतदान कक्ष का दरवाजा-खिड़की, पंखा को ठीक कराने, मतदान केंद्रों पर मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था रखने, रैंप को दुरुस्त करने को कहा। आयुक्त ने अलग शौचालय की व्यवस्था कर क्रियाशील बनाने एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं ब्लीचिंग पाउडर डालकर शौचालय को स्वच्छ रखने को कहा।

**मेदिनीनगर।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 के मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने से चुनावी प्रक्रिया सुगम बनेगी। दिव्यांग-वरिष्ठ मतदाताओं के लिए गतिविधियों यथा निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केंद्रों की संरचना, मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर का सहयोग लेने, चिकित्सा किट की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, गर्मी के मद्देनजर पंखा, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधा होने से मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाता बेहतर महसूस कर सकेंगे। यह बातें प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने कही। उन्होंने बुधवार को पलामू जिले के पांकी, छतरपुर एवं डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन कर पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

**लोकसभा चुनाव :** ऑनलाइन मोड में चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक

# सभी कार्यालयों के बाहर वीएचए से संबंधित बैनर लगवाने के निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने जिले के सभी बीडीओ-सीओ से कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप को क्रियाशील रखते हुए मतदाता प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दें। साथ ही खुद को भी इस तरह के गतिविधि में शामिल होने पर बल दिया।इसके अलावे उन्होंने एएसडी वोटर का सभी स्तर का मार्किंग करने के निर्देश दिये। वहीं न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी स्कूलों में शौचालय को दुरुस्त रखने की बात कही।वे आज एनआईसी के सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों, बीडीओ-सीओ के साथ लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।



वोटरों की समीक्षा करते उपायुक्त व उपस्थित अन्य।

**एवीएससी व एवीपीडी वोटरों की भी हुई समीक्षा :** बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से एवीएससी व एवीपीडी वोटरों की सूची बनाने के निर्देश दिये ताकि उसी के अनुरूप ऐसे सभी मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान की सारी तैयारियां समयपूर्व पूरी कर ली जायें, ताकि पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को मतदान करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने पाए। इस हेतु संबंधित सहायक निर्वाची पदाधिकारी अपने सभी संबंधित अधिकारियों/ कर्मियों को निर्वाचन आयोग के पोस्टल बैलेट से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया के सभी तकनीकी पहलुओं से अनिवार्यरूपेण पूर्णतः प्रशिक्षित करायें।

# बोलेरो में लोड भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

### एसपी को मिली गुप्त सूचना पर मनातू थाना प्रभारी ने की छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ मनातू।** आचार संहिता लगने के बाद पुलिस प्रशासन काफी चौकस है। चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस कई हथकंडे अपना रही है। इसके तहत अवैध मादक पदार्थ की तस्करी रोकने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। एसपी रीष्मा रमेसन को मिली गुप्त सूचना पर मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित हुई। पुलिस बीती रात तेतरियाटांड़ के पास चेकनाका लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी बीच रात साढ़े तीन बजे मंझौली से मनातू की ओर बोलेरो (बीआर 24 पी-0975) आ रही थी। जिसे पुलिस ने रोकने का ईशारा किया। बोलेरो में बैठे दो लोग वाहन रोक भागने लगे। पुलिस ने एक को पकड़ लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार शाहिद अंसारी पिता फरीद अंसारी ग्राम रूदीडीह थाना नावा जयपुर (चालक) है। जबकि सुनील प्रसाद (रूदीडीह) अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित जगहों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि चक गांव की ओर से ग्राम केदल होते हुए एक बोलेरो मनातू के तरफ आ रही है। जिसमें अवैध शराब लोड है।



जब्त शराब के बारे में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

### पिकअप वैन-यात्री बस में टक्कर, बड़ा हादसा टला



**छतरपुर पलामू।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद एनएच 98 पर स्थित सड़मा ग्राम के पास यात्री बस एवं पिकअप वैन की जोरदार टक्कर हो गयी। इसमें बस चालक नथुनी पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जिसे अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया है। जबकि पिकअप चालक भागने में सफल रहा। यात्री बस औरंगाबाद की ओर से मेदिनीनगर आ रही थी जबकि पिकअप वैन विपरीत दिशा से आ रही थी। पिकअप वैन हाई स्पीड में था, जो अनियंत्रित होकर बस से जा टकराया। इसमें बस सवार यात्री भी चोटिल हैं।

### महादेव की महिमा अपरंपार : अमित तिवारी



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के हरतुआ पंचायत के झरकटिया में सात दिवसीय 56वीं विश्व शांति मानव कल्याण हेतु रूद्र महायज्ञ सह महाशिवपुराण कथा एवं विशाल भंडारा किया गया है। समापन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र में शांति और खुशहाली आती है। पूरे जग का विष पीने वाले भगवान शंकर खुद सबका दु:ख हर लेते हैं। महादेव की महिमा अपरंपार है। वे सबका कल्याण करते हैं। मौके पर अध्यक्ष पंचम भारती, उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ शुक्ला, हरतुआ मुखिया सह सचिव अरविंद शुक्ला, उप सचिव गुप्तेश्वर गिरी, कोषाध्यक्ष दीपक गिरी, नीलकंठ गिरी, चंदन गिरी, कुणाल गिरी, विशाल गिरी आदि थे।

### दो ड्रग तस्करों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व सत्र न्यायाधीश व एनडीपीएस एक्ट के स्पेशल जज नीरज श्रीवास्तव की अदालत ने ड्रग्स तस्कर को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा व दो लाख अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में मेदिनीनगर सदर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी गौतम कुमार ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर थाना अंतर्गत रमजानपुर के ट्रक ड्राइवर मो फैजान व वहीं के ट्रक ऑनर शहजाद के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जो सदर थाना में 14 अप्रैल 3023 को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइक्रोट्रॉपिक सब्सटांसिक एक्ट की धारा 15 व 22 के तहत प्राथमिकी दर्ज थी। अभियुक्तों पर आरोप था कि 14 अप्रैल 2023 को इस केस के सूचक गौतम कुमार चियांकी चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान शहजाद ट्रक (यूपी 11 सीटी 2769) के साथ पकड़ कर ले गये थे। जांच पर ट्रक में 300 खाली प्लास्टिक के कैरेट के नीचे 54 बोरा डोडा था जिसका वजन 700 किग्रा था। उपरोक्त लोग पॉपी एट्रा खूंटी से खरीद कर यूपी के मुजफ्फरनगर ले जा रहे थे। फैजान ट्रक का ड्राइवर था व शहजाद ट्रक ऑनर। अभियुक्त ने पुलिस को बताया था कि वे खूंटी से पोस्ता खरीदे थे और यूपी के मुजफ्फरपुर नगर ले जा रहे थे।

## मतदान की महत्त्वपूर्ण कड़ी है ईवीएम का संचालन, भली-भांति सीख लें : डीडीसी

■ प्रशिक्षण में कर्मियों को ईवीएम के संचालन का कराया गया अभ्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन के आदेशानुसार जीएलए कालेज के नये भवन के ब्लाक 'ए' एवं ब्लाक 'बी' में 1652 महिला मतदानकर्मी एवं 853 पुरुष मतदानकर्मियों को प्रथम चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार अब तक चार दिन दोनों पालियों में लगभग 11000 मतदानकर्मियों को प्रथम चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी रवि आनंद ने महिला मतदानकर्मियों को गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने को कहा। उन्होंने उनसे संवाद कर जानना चाहा कि कितनी महिला मतदानकर्मी पहले चुनाव करा चुकी हैं। भली-भांति ईवीएम संचालन सीख लें ताकि स्वच्छ व निष्पक्ष तरीके से मतदान करा सकें। मौके पर जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक तथा मास्टर ट्रेनर देवेन्द्र मिंज थे।

## सांसद सहित कई भाजपा नेता दिवंगत सेवानिवृत्त अभियंता के परिजनों से मिले

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के साथ कई भाजपा नेताओं ने बुधवार को हरिहरगंज शहर के कोसडीहरा निवासी सेवानिवृत रेलवे अभियंता दिवंगत विवेकानंद मिश्रा के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिले। मालूम हो कि दैनिक हिंदुस्तान अखबार के स्थानीय पत्रकार राजीव रंजन मिश्रा के पिता सेवानिवृत्त रेलवे अभियंता विवेकानंद मिश्रा का कुछ दिन पहले आकस्मिक निधन हो गया था। सांसद ने कहा कि मृतक काफी मिलनसार थे। लोगों के सुख दुख में खड़ा रहते थे। उनकी कमी हमेशा लोगों को खलेगी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेता विनोद सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रफुल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा सहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह में खूब उड़ा अबीर गुलाल, होली के गीतों पर झूम उठे श्रोता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप में वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उदघाटन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने फीता काट कर किया। मौके पर श्री शुक्ला ने कहा कि रंगों का त्योहार होली असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है। होली पर्व हम सबको एक दूसरे से जोड़ने का भी कार्य करता है इसलिए सभी को मिलजुलकर इस पर्व को मनाना चाहिए। वैसे भी मिलकर मनाने से किसी भी पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। समारोह के दौरान खूब अबीर गुलाल उड़े। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। समारोह में भोजपुरी गायकों के होली गीतों पर श्रोता खूब झूमे। मौके पर डॉ डी पी शुक्ला, सीताराम चौबे, प्रो नंदलाल शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, मार्कंडे चौबे, ओम प्रकाश शुक्ला, आलोक शुक्ला मौजूद थे।

### मारपीट के आरोपी को भेजा गया जेल

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना पुलिस ने लहलहे गांव निवासी आशीष कुमार पाल को अपने चाची के साथ मारपीट करने के आरोप में बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि आशीष कुमार पाल को अपने चाची के साथ जमीन संबंधी कई वर्षों से विवाद चल रहा है जिसको लेकर उसके साथ कई बार मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस विवाद को लेकर कई बार पंचायत के माध्यम से फैसला भी किया जा चुका है।

## मुरमा पत्थर माइंस से विस्फोटक बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना पुलिस ने मुरमा गांव स्थित पत्थर माइंस से भारी मात्रा में विस्फोटक तथा विस्फोट में प्रयोग किए जाने वाले अन्य सामग्री को छापामारी के दौरान बरामद किया है। इस मामले में माइंस के सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बुधवार को प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए एंटी नक्सल अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुरमा कठोतिया मलय डैम जाने वाली सड़क जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। एंटी नक्शल अभियान टीम के द्वारा गांव के विद्यालय के समीप पुल के पास विस्फोट करने वाला तार देखा गया। जिसकी सूचना पलामू एसपी को दी गयी। उसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया।

# दंगवार में होली मिलन समारोह पर जमकर उड़े अबीर व गुलाल

■ होली का त्योहार पारंपरिक, प्राकृतिक, संस्कृति को एक सूत्रों में पिरोती है : अमरेंद्र ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के दंगवार पंचायत में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह मुखिया अमरेंद्र ठाकुर के सौजन्य से किया गया था। इस दौरान पंचायत वासियों में होली मिलन को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

जम कर अबीर और गुलाल उड़े, भोजपुरी कलाकार संतोष ठाकुर और उनके टीम ने एक से बढ़कर एक होली की पारम्परिक गीत संगीत से पंचायत वासियों को होली के रंग में रंग दिया। वहीं ग्रामीणों ने भी होली की पारंपरिक गीत संगीत का जम कर लुत्फ उठाया।

मुखिया श्री ठाकुर ने पंचायत वासियों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कहा कि होली का त्योहार पारंपरिक, प्राकृतिक व सांस्कृति को एक सूत्र में पिरोती हैं। जिससे समाज में आपसी भाईचारा को बल मिलता हैं। उन्होंने पंचायत वासियो से होली का त्यौहार आपसी सौहार्द व उत्साह के साथ मनाने की अपील की।

मौके पर अन्य पंचायत के मुखिया गण शामिल होकर लोगों को बधाई दी। मौके पर मुखिया श्रवण राम, ओमप्रकाश राजवंशी विनोद कुमार सिंह, शिवशंकर यादव विवेक गुप्ता, अरविंद गुप्ता, दिवाकर चौधरी, संतोष राम, सुधीर ठाकुर, अनिल चौधरी, अरबिंद राम, विक्की चौधरी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# बीस सूत्री सदस्य और समाजसेवी ने किया जिला ट्रैफिक प्रभारी का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर व समाजसेवी ने जिला ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद को माला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ने कहा कि आये दिन शहर में काफी ट्रैफिक जाम रहती है। लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए नया ट्रैफिक प्रभारी पदस्थापित किया गया है।

उन्होंने आशा व्यक्त किया कि ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के आने से शहर को जाम से मुक्त मिलेगा। कहा कि पूर्व जिला ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह भी ट्रैफिक की समस्या का समाधान करने में सफलता पायी थी। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि शहरवासियों को जाम से मुक्ति दिलाना पहली प्राथमिकता है। कहा कि वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। इसमें चालकों को यातायात नियम की जानकारी, सीट बेल्ट व हेलमेट पहनकर वाहन चलाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह ने कहा कि ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगा। मौके पर विश्वकर्मा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अवधेश विश्वकर्मा, ललन चौधरी, सुदर्शन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह शामिल थे।



जिला ट्रैफिक प्रभारी का स्वागत करते बीस सूत्री सदस्य व अन्य।

# भाजपा में सीता

देश की राजनीति में जिस प्रकार का चुनावी उथल पुथल चल रहा हैउसमें झारखंड से एक चौकाने वाली घटनाक्रम में जामा की विधायक सीता सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर लिया है। सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू होने के कारण यह झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिये एक बड़ा झटका है। ऐसे समय में जब पूर्व सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा के शीर्ष नेता हेमंत सोरेन जेल में है सीता सोरेन का यह निर्णय चौकाने वाला है। सांसद गीता कोड़ा के भाजपा ज्वाईन करने के बाद सीता सोरेन का भी भाजपा का दामन थाम लेना एक ओर जहां भारतीय जनता पार्टी के लिये मजबूती का कारण बन रहा है वहीं दूसरी ओर झारखंड की राजनीति में दशकों तक मुख्य भूमिका निभाने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के विखराव के तौर पर इस घटना को देखा जा रहा है। सीता सोरेन मंत्री ने बनाये जाने से नाराज थी साथ ही उनकी बेटियों को राज्य की राजनीति में स्थान न दिये जोने के कारण भी दुखी थी। किसी भी दूसरे विधायक के भाजपा में जाने और सीता सोरेन के भाजना में शामिल होने के अलग मायने हैं। आज की तारीख में सीता सोरेन ने बहुत ही सधी चाल चलते हुए अपने आप को राष्ट्रीय फलक में डाल दिया है। अगर इस घटना को कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी की तर्ज पर देखें तो वह आज केन्द्रीय मंत्री है क्योंकि उन्होंने लालू यादव की क्षेत्रिय दल को त्याग कर साहसपूर्ण कदम उठाया। चूंकि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और उसका ग्राफ लगातार बढ़ रहा है इसलिये इसके प्रति रूचि होना राजनीतिक सफलता के लिये आवश्यक है। राजनीति में महत्वाकांक्षा एक बड़ा गुण भी है जो किसी क्षेत्रिय दल में सीमित कर देने वाला होता है। यही कारण है कि सीता सोरेन ने बहुत ही सूझ-बुझ के साथ एक बड़ा निर्णय लिया जो उनके लिये कितना बेहतर है यह वक्त बतायेगा।

# ग्रामीण भारत पर ध्यान

भारत को उस समय सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है। इसके चलते ग्रामों में प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है इस कारण गरीबी की मात्रा भी शहरों की तुलना में ग्रामों में अधिक दिखाई देती है।

# आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्याम बाबा

मेला विशेष/ 21 मार्च)

देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। इसमें हर साल देश-विदेश के करीब 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई हैं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होंने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुए। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो, उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुई। जब वे मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुए पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिए वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरुक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुए।

भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिए उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ाई कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापस तरकश में ही आएगा। यदि उन्होंने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनों लोक में हाहाकार मच जाएगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड़ के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ, जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की ओर चलाया।

तीर ने क्षण भर में सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगे, क्योंकि एक पत्ता उन्होंने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिए वरना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस ओर से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिए वचन दोहराते हुए कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।

ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिए चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जताई। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।

उन्होंने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिए एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यकता होती है। उन्होंने बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्रीकृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होंने अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खिंचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गए। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध में विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखाई दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी।

कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुए और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुए का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदाई के बाद वह शीश प्रकट हुआ। एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिए और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई. में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार पर है और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित है। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है।





-रमेश धमोरा

वर्तमान में मीडिया समाज के लिए मजबूत कड़ी साबित हो रहा है। अखबारों की प्रासंगिकता हमेशा से रही है और आगे भी रहेगी। मीडिया में बदलाव युगानुकूल है, जो स्वाभाविक है, लेकिन भाषा की दृष्टि से अखबारों में गिरावट देखने को मिल रही है। इसका बड़ा कारण यही लगता है कि आज के परिवेश में अखबारों से साहित्य लोप हो रहा है, जबकि साहित्य को समृद्ध करने में अखबारों की महती भूमिका रही है।

## खास बात

### राजनीति में ब्रेक

**नागेन्द्र सिंह**

दरअसल, अपनी विस्तारवादी नीति पर जिस तेज रफ्तार से उठापटक और तोड़फोड़ करती हुई भारतीय जनता पार्टी आगे बढ़ती चली जा रही थी, उसमें बिहार के धुरंधर राजनीतिज्ञ एवं वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ब्रेक लगा दिया। आगे बिहारी राजनीति का ऊंट किस करबट बैठता है, यह कोई नहीं जानता, लेकिन अहंकार पर विराम तो लगना ही चाहिए, घमंड को चूर-चूर होना ही चाहिए, सियासी दादागीरी खत्म होनी ही चाहिए। साम, दाम, दंड, भेद वैसे तो राजनीति का आवश्यक फमूर्ला है, जिसका भरपूर प्रयोग केंद्र में सत्तारूढ़ दल द्वारा अब तक किया जाता रहा है और निश्चित रूप से आगे भी किया जाता रहेगा।

इसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने अहंकार को जगजाहिर करते हुए सार्वजनिक मंच से कहा कि यदि हमलोग अपनी विचारधारा पर खड़े रहे तो क्षेत्रीय दल को समाप्त कर देंगे। इसी तोड़फोड़ की नीयत से आरसीपी सिंह को बिना जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की अनुमति के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया और चिराग पासवान को जदयू के सदस्यों को विधानसभा चुनाव में पराजित करने के लिए मैदान में छोड़ दिया गया।

आरसीपी सिंह मुख्यमंत्री की बिरादरी से ही आते हैं, इसीलिए केंद्र में सत्तारूढ़ दल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कद को छोटा करके सत्ता पर काबिज होने की व्यूह-रचना इस उम्मीद से की थी कि जातिवाद के उन्माद में देश के अव्वल राज्य बिहार की जनता दिग्भ्रमित होकर रह जाएगी। फिर भारतीय जनता पार्टी को महाराष्ट्र की तरह ह्यखेलह्न करके बिहार में भी हाथ साफ करने का अवसर मिल जाएगा।

सब विधायकों में अचानक दिव्य ज्ञान प्राप्त होने के कारण नहीं होता है, बल्कि इस सब को हॉर्स ट्रेडिंग या फिर ईडी-सीबीआई का खौफ दिखाकर ही अपने पाले में किया जाता है, जिससे उनका संख्या बल बढ़ जाता है। फिर सत्ता परिवर्तन कानूनी रूप से मजबूरी बन जाता है। लेकिन राजनीतिक जीवन में उनकी छवि इतनी साफ रही है कि कोई उन पर यह आरोप नहीं लगा सकता।

# राम से चर्चा

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**विश्वरथ** अपने तप के बल पर विश्वामित्र बने। वे बक्सर में आकर गुरु आज्ञा से राम का इतंजार किया। जबकि समाधि की स्थिति को प्राप्त करने के बाद भी अहंकार के कारण ब्रम्हर्षि का पद पाने के लिये उन्हें महर्षि वशिष्ठ के संवाद और आज्ञा का सहारा मिला। इसके बिना उनका तप किसी हाल में पूरा नहीं होता। गुरु का पद सबसे उपर है। यह सभी प्रकार के व्यक्ति का परिष्कार हो जाता है। विश्वरथ राजा थे और तपोबल से उन्होंने जो कुछ प्राप्त किया वह गुरु के आर्शिवाद और मार्गदर्शन क५ बिना अधूरा ही रहा। इस पूरे प्रकरण की चर्चा वशिष्ठ जी श्री राम के सामने तुलसीदास रचित रामचरित मानस के उत्तर कांड में करत हैं। महर्षि वशिष्ठ भगवान श्री राम से कहते हैं कि राम दुनिया में जप, तप, योग, नियम अथवा जो कुछ भी आगम निगम में साधन बताया गया हैये सब मैल ही पैदा करता है, अहंकार पैदा करता है। केवल प्रेम ही ऐसी चीज है तो हदय को अहंकार से रहित करता है। अतः निष्कर्ष यह है कि ज्ञान बिना भक्ति के नहीं हो सकता है।

पूरे प्रकरण का सारांश यह है कि साधन माध्यम से कभी भी मनुष्य चाहे कि ज्ञान हो जाये तो यह संभव नहीं होगा। विश्वामित्र जी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कभी भी साधन मनुष्य को ज्ञान संपन्न नहीं करा सकता है। जब भी ज्ञान संपन्न करेगा जो गुरु के प्रति जो भक्ति है वहीं ज्ञान संपन्न कर सकता है। विश्वामित्र जी इसके श्रेष्ठ उदाहरण हैं। (ब्रम्ह्त विद्यालय एवं आश्रम)

**वादे** वादे जायते तत्त्वबोधः

संपूर्ण जगत में व्याप्त प्रतिस्पर्धा और श्रेष्ठता के दंभ के कारण अनेक हानियाँ हैं, जिन्हे आपसी संवाद एवं सहमति से ठीक किया जा सकता है।संबंधों के माधुर्य को सहजकर रखने में सकारात्मक संवाद की बड़ी भूमिका है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

**सदभावना** के बिना विकास नहीं, विकास के बिना प्रगति नहीं, प्रगति के बिना जॉब नहीं फिर कैसे होगा सशक्त भारत का निमार्ण।

**-राहुल गांधी**





**मुम्बई** के विश्व प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में बेटी कल्पना के साथ पूजा-अर्चना कर झारखण्डवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना किया। गणपति बप्पा मोरया ! मंगलमूर्ति मोरया !

**– चंपई सोरेन, सीएम**

# महाश्वेता देवी का पूरा जीवन समझा आदिवासियों का मर्म

## संस्मरण

**कृपाशंकर चौबे**

**आदिवासियों** के बीच उन्होंने 1965 में काम शुरू किया था और मृत्यु पर्यंत उनके कल्याण के लिए संघर्षरत रहीं। उनकी लड़ाई मैक्लुक्सीगंज से आरंभ हुई थी। 1965 से 1975 तक हर वर्ष दो-तीन बार वे मैकलुक्सीगंज जाती थीं। महाश्वेता आदिवासियों की पीड़ा देखतीं तो उनके जंग में शामिल हो जातीं। 1981 में रामेश्वरम और दूसरे साथियों के साथ मिलकर पलामू के सेमरा गांव में बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराने के लिए महाश्वेता ने बंधुआ मुक्ति समिति बनाई थी। मजदूरों का उसी वर्ष सम्मेलन आयोजित किया था।

महाश्वेता देवी भाषा शोध और प्रकाशन केंद्र के न्यौते पर वेरियर एलिन स्मृति व्याख्यान देने 14 मार्च 1998 को बदौड़ा गई थी। वहां से लौटकर इन पंक्तियों के लेखक को वहां का वृतांत सुनायाः वहां व्याख्यान का विषय था ह्यभारत में अपराधी आदिवासीह्न। अधिसूचित आदिवासियों के बीच मैं 1978 से ही काम कर रही हूं। इसीलिए व्याख्यान देने का न्यौता कबूल किया। यह भी सही है कि जन आदिवासियों को 1871 में ब्रिटिश सरकार ने अपराधी आदिवासियों के रूप में अधिसूचित किया और जिन्हें 1952 में भारत सरकार ने गैर अधिसूचित किया उन पर मैं अधिकारपूर्वक कुछ कह सकती हूं। पश्चिम बंगाल के लोधा शबर, खेड़िया शबर कभी अपराधी आदिवासी के रूप में अधिसूचित हुए थे, उसी कारण आज वे न्यूनतम मानवाधिकारों से वंचित हैं। पश्चिम बंगाल के आदिवासियों के साथ सरकारी सलूक देख मैं बहुत निराश हूं। राज्य सरकार शबर आदिवासियों को सम्मानपूर्वक जीने नहीं देती। पुलिस और राजनीतिक पार्टियां नहीं चाहतीं कि शबर जिंदा रहें। अपराधी आदिवासी अधिनियम के तहत एक जिले में जिस समूह को अपराधी आदिवासी घोषित किया गया, उसे पड़ोस के जिले में किंतु अपराधी नहीं घोषित किया गया। कहीं कहीं तो उन्हें जाति ही माना गया। पुरुलिया के खेड़िया शबर जन्मोपराधी हैं पर पास के सिंहभूम और रांची के शबर जन्मजात अपराधी आदिवासी नहीं हैं। 1952 में अपराधी आदिवासी अधिनियम को भारत सरकार ने ह्यडिनोटिफाइडह्न किया फिर भी आईपीएस के प्रशिक्षुओं से कहा जाता है कि वे इन्हें अपराधी आदिवासी ही मानें। इसीलिए बड़ौदा में मैंने कुछ सवाल उठाए। हमारी तरह जो भी सोचने वाले लोग हैं, सबने हमारी मांग का समर्थन किया। इस मांग को पूरा कर ही आदिवासियों के बारे में भारत की स्थाई रूप से बन गई विकृत छवि दूर होगी। बड़ौदा सम्मेलन में यह समवेत मांग हुई कि भारत सरकार बताए कि 1952 में 1871 के अधिनियम को कागज पर खत्म करने का कारण क्या था? और उसी अधिनियम को व्यवहार में जिंदा रखने का कारण क्या है? वह व्यवहार में जिंदा है तभी तो पुलिस को हिटलर की तरह शक्तियां प्राप्त हैं जिससे वह डिनोटिफाइड और नोमेडिक ट्राइब्स को मारती रहती है। बड़ौदा सम्मेलन ने इस बर्बर व्यवहार को फौरन खत्म करने और भारत में सभी गैर अधिसूचित आदिवासियों की सभी मौतों और उनके लापता होने के मामलों की व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए नया कानून बनाने की मांग की। आदिवासियों पर जुल्म ढाने के अपराध में पुलिस को यथोचित दंड देने की मांग भी की गई। इस तरह के मामलों की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच आयोग बनाने की मांग भी हुई। ये मांगें पूरी नहीं हुईं तो क्या हम-आप अगली सदी में आदिवासियों की इसी दशा के साथ प्रवेश करेंगे? देश की सर्वोच्च अदालत के सामने यह अहम सवाल है। गैर अधिसूचित आदिवासी आपको एक जिम्मेदार भारतीय के रूप में अगली सदी में प्रवेश करने का अवसर दे रहे हैं? समाप्त (साभारः लोकमत समाचार )

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। शिक्षा नीति योजना के संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**-सुखबीर, जमशेदपुर**

# 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' और पीड़ित महिलाओं की टीस

## सिनेमा

**मृत्युंजय दीक्षित**

'द केरल स्टोरी' से सुर्खियों में आए सुदीप्तो सेन निर्देशित और विपुल शाह के प्रोडक्शन की फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा तथा बस्तर के वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित और एक 'मां' की शक्ति को समर्पित शानदार फिल्म है। फिल्म के आरम्भ में नक्सल प्रभावित क्षेत्र का एक परिवार राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत होकर 15 अगस्त को एक विद्यालय में तिरंगा फहराता है और 'जन गण मन' का गायन करता है। नक्सलियों को इसका पता चलता है तो वह उस परिवार को अपनी अदालत में उठा ले जाते हैं। तिरंगा फहराने वाले व्यक्ति के शरीर के 32 टुकड़े कर दिए जाते हैं ।

मारे गए व्यक्ति की पत्नी कहती है," मैं रत्ना कश्यप, मेरे पति मिलन कश्यप को नक्सलियों ने मार दिया। पूरे गांव के सामने 32 टुकड़े कर दिए और उसके खून से अपने शहीद स्तंभ को मेरे हाथों से रंगवाया। क्या गलती थी उसकी, बस यही कि उसने 15 अगस्त को अपने गांव के स्कूल में भारत का झंडा लहराया। बस्तर में भारत का झंडा लहराना एक जुर्म है जिसकी सजा दर्दनाक मौत है।" मेरे बेटे को भी उठाकर ले गए उसे भी नक्सली बनाएंगे। हर परिवार से एक बच्चा उनको देना पड़ता है। नहीं देते तो पूरे परिवार को मार देते हैं। अरे हम बस्तर की मांएं करें तो करें क्या, मैं पति का बदला और अपने बेटे को वापस लाने के लिए जिंदा हूं। "मैने हथियार उठा लिए हैं बस्तर से इन नक्सलियों को समाप्त करके रहूंगी।" यही फिल्म की पार्श्वभूमि है ।

आगे बढ़ते हुए फिल्म बताती है कि किस प्रकार नक्सली देश को कम से कम 30 टुकड़ों में बांटने का खतरनाक षड़यंत्र रचते रहते हैं। भारत के मजबूत लोकतंत्र को कमजोर दिखाने के लिए वामपंथी तत्व किस प्रकार अपना नैरेटिव चलाते हैं और इस भारत विरोधी अभियान के लिए विदेशी फंडिंग आती है । इनकी घुसपैठ देश के सामाजिक और राजनीतिक ताने -बाने को प्रभावित करने वाली सभी संस्थाओं यथा विश्वविद्यालयों , न्यायपालिका व मीडिया जगत में है। निहित स्वार्थां की पूर्ति करने व छत्तीसगढ़ की अकूत सम्पदा पर कब्जा करने के लिए कुछ लोग नक्सली हिंसा को बढ़ावा दे रहे थे और बस्तर के गांवों में विकास नहीं हो पा रहा था। सरकारी पक्ष के वकीलों के पास तमाम सुबूत होने के बाद भी कोर्ट वामपंथ के वकील के पक्ष में अपना फैसला सुनाती है और सरकारों की विकृत राजनीति व मनोदशा के कारण नक्सलवाद की हिंसा से प्रभावित पीड़ितों पर हुए भीषणतम अत्याचारों की घटनाओं की जांच के बजाए कोर्ट आईपीएस अधिकारी नीरजा माधवन (अदा शर्मा ) के खिलाफ ही न्यायिक जांच आयोग गठित कर दिया जाता है।

लगभग 124 मिनट की इस फिल्म में नक्साली हिंसा के दिल दहलाने वाले क्रूर दृश्य हैं जिसके कारण फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया है। फिल्म की नायिका अदा शर्मा ने आईपीएस अधिकारी नीरजा माधवन के रूप में अत्यंत सशक्त अभिनय किया है। जो भारत को हर प्रकार के नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। फिल्म की यह नायिका सिर्फ एक 'मां' या फिर पत्नी नहीं है वह एक ऐसी योद्धा है जिसके युद्ध का तात्पर्य है अमानवीय क्रूरता का सामना करना।फिल्म की कहानी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म मानवता को झकझोरने, वाली है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हजारीबाग में बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को दिया चुनावी मंत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में डेमोटांड स्थित खालसा होटल परिसर में रुके। उनका हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद सह सदर विधायक मनीष जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. केपीशर्मा ने संयुक्त रूप से अंग-वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी से मरांडी का फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। यहां खालसा होटल परिसर में बाबूलाल मरांडी ने भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल से हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का मनीष जायसवाल ने किया स्वागत**

चाय पर चर्चा- परिचर्चा की। भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स देते हुए मरांडी ने कहा कि आप पार्टी के रीढ़ हैं। आप जनता के बीच पहुंचे हमें विश्वास है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता भाजपा का साथ देगी और मनीष जायसवाल को रेकॉर्ड मतों से जिताएगी। मौके पर विशेषरूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, सत्येंद्र सिंह, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, दामोदर साहू, मोहन कुमार, नरेश यादव, राजू साहू, विनोद कुशवाहा, रवि ठाकुर, प्रयाग मिर्धा, लालेंद्रे साव, किशोर कुमार, कैलाश साव,मंटू कुमार, जितेंद्र कुमार साहू, राजेश कुमार, चौधरी प्रसाद साव, राजकुमार साव, रामाज्ञा सिंह, डॉ मोहन, पप्पू प्रजापति,संजय कुमार, कौलेश्वर साहू, फलेंद्र साव, धर्मेंद्र कुमार,रविंद्र यादव, गौतम गोप,रवि शर्मा, राजदीप, साव,देबू साव, रामकुमार साव, संजय प्रसाद, नरेंद्र कुमार, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



# होली मिलन में थिरके मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** कर्णपुरा विस्थापित/ प्रभावित हजारीबाग हाईवा ऑनर एसोसिएशन द्वारा कटकमदाग प्रखंड के बनादाग साइडिंग परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और एक- दूजे को रंग- गुलाल लगाकर, होली गीत गाकर और होली गीतों पर झूमकर समर्थकों का हौसला बढ़ाया । मनीष जायसवाल ने कहा कि रंग-राग और फाग का त्योहार होली आपसी सद्भावना और संभाव बरकरार रखते हुए जीवन को खुशियों के रंग में भरे रखने की प्रेरणा देती है। होली में गिले- शिकवे भुलाकर हमें एकसूत्र में पिरोए रखना का संकल्प लेना चाहिए । मौके पर विशेषरूप से करण जायसवाल, दिनेश सिंह राठौड़, सत्येंद्र सिंह, संघ के अध्यक्ष बसंत यादव, मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, कौशर अली, गणेश तुरी, राजू यादव, हरिनाथ यादव, करण राणा, कृष्ण यादव, सुनील प्रसाद, संदीप प्रसाद, रवि यादव, जोगी यादव, मुखिया दीपक, कपिल सिंह, सुभाष यादव, कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव, विनोद प्रसाद, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



## आइसेक्ट विवि के 40 छात्र नेतरहाट रवाना

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के विज्ञान विभाग के 40 विद्यार्थियों को विज्ञान विभाग के डीन डॉ दिवाकर निराला के नेतृत्व में दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर बुधवार को नेतरहाट के लिए रवाना किया गया। बता दें कि विज्ञान विभाग के सह प्राध्यापक राहुल कुमार, सबीता कुमारी, मुकेश कुमार साव, सुप्रिया रानी, विशाखा बाला और राहुल राजवार की निगरानी में विद्यार्थियों को समुद्रतल से करीबन 3 हजार 700 फीट की ऊंचाई पर प्रकृति की गोद में बसे झारखंड की मल्लिका नेतरहाट का भ्रमण कराया जाएगा।विद्यार्थियों को शैले हाउस, मैग्नोलिया सनसेट प्वाइंट, कोयल व्यूज प्वाइंट, आवासीय विद्यालय व अन्य जगहों का भ्रमण कराया जाएगा।

# प्रशिक्षण केंद्र का डीसी ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव के स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर पीठासीन पदाधिकारियों के लिए प्रथम चरण के प्रशिक्षण का आयोजन बुधवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस, रामगढ़ में किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने प्रशिक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर मास्टर ट्रेनों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की हर बारीकी को अच्छी तरह से समझने एवं अपनी किसी भी दुविधा को त्वरित दूर करने का निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा पीठासीन पदधिकारियों को निर्वाचन संबंधित किसी भी कार्य के दौरान बिना किसी अतिआत्मविश्वास में आए केवल निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों का अनुपालन करते हुए ही कार्य करने का निर्देश दिया। बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं अपनी दुविधाओं को दूर करने को लेकर निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पीठासीन पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान कर्मियों के लिए बनाए गए इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट लर्निंग सिस्टम एप को इस्तेमाल कर प्रशिक्षण के दौरान जो भी बातें बताई गई है उन्हें पूणः समझने अथवा अपना असेसमेंट करने को लेकर आवश्यक जानकारी दी वहीं उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग के अधिकारियों एवं सभी मास्टर ट्रेनरों को भी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों आदि को उक्त ऐप इस्तेमाल करने एवं इसके माध्यम से खुद का असेसमेंट करने को लेकर जानकारी देने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा सभी पीठासीन पदाधिकारियों को चुनाव संबंधित सामान्य जानकारी, विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने की जानकारी, मॉक पोल, ईवीएम के संचालन की प्रक्रिया, समस्त निर्वाचन कागजातों एवं सामग्रियों का अलग-अलग पैकेट तैयार करने, चैलेंज वोट, टेंडर वोट सहित चुनाव से संबंधित अन्य विषयों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता गीतांजली कुमारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## दारू में 20 से अधिक वाहनों का कटा चालान

**दारू।** दारू थाना के समीप एनएच 522 पर रोड सेफ्टी के मद्देनजर बुधवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। दारू थाना प्रभारी सफीक खान और डीटीओ कार्यालय कर्मी ने दोपहिया वाहनों को रोककर कागजातों सहित बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले लोगो को रोककर चलान काटा गया। जांच के क्रम में करीब 20 से अधिक वाहनों का चालान काटा गया। इनफोर्समेंट सब इंस्पेक्टर महेंद्र पासवान, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट हजारीबाग ने कहा की हेलमेट पहन कर बाइक चलाए, गाडी की कागज व लाइसेंस रखे, तेज गति से वाहन न चलाए, ट्रिपल लोडिंग न चले और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाए। यह जाँच अभियान जारी रहेगा। रोड इंजीनियर एनालिस्ट शारिक इकबाल ने कहा कि यह सड़क सुरक्षा का अभियान है, बीते महीने सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया गया जिसमें लोगों को जागरूक किया गया। ी बताया गया की क्या जरुरी कागज और नियमो का पालन करना जरुरी है। जिससे लोगों में बदलाव भी आए है और लोग नियमो का पालन भी कर रहे है। लेकिन अब भी जो नियमो का उल्लंघन कर रहे है उनका चालान काटा जाएगा।

## 250 लीटर महुआ शराब जब्त

**दारु (हजारीबाग)।** थाना क्षेत्र मे चल रहे अवैध शराब के खिलाफ दारु थाना प्रभारी शफीक खान ने अभियान चलाते हुए जब्त अवैध शराब को नस्ट कर दिया। इस बारे मे थाना प्रभारी ने कहा की आने वाले त्यौहार और चुनाव को देखते हुए अवैध देसी औ विदेशी शराब के खिलाफ अभियान चलाया जाना है इसी कड़ी मे बुधवार को इरगा और रामदेव खैरिका मे अभियान चलाया गया। 200 लीटर अवैध जावा और 50 लीटर महुआ शराब को जब्त कर नस्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब को ले आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# एस्पायर कोचिंग सेंटर का मना 15वां स्थापना दिवस

- 15 छात्रों को नि:शुल्क पढ़ायेगा , टेस्ट में 200 विद्यार्थी हुए शामिल
- जिस उद्देश्य से संस्थान की स्थापना की थी उसमें हम कामयाब रहे : रत्नेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रतियोगिता परीक्षा के क्षेत्र में पूरे रामगढ़ जिला का नंबर वन संस्थान एस्पायर कोचिंग सेंटर का बुधवार को पूरे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ 15वां स्थापना दिवस मनाया गया। मंच संचालन संस्थान के को-ऑर्डिनेटर नितेश सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक रत्नेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद केक काटकर कोचिंग का 15वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के बीच केक व मिठाई बांटकर खुशियां साझा की गई। इस अवसर रत्नेश कुमार ने क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर 15 छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा के लिए नि:शुल्क शिक्षा देने की घोषणा की। वहीं, इस दौरान टेस्ट परीक्षा का भी आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। मौके पर निदेशक रत्नेश कुमार ने छात्र-छात्राओं का सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा की लक्ष्य का निर्धारण कर गुरूओं के मार्ग-दर्शन में तैयारी करें अवश्य सफल होंगे। उन्होंने संस्था के 15 वर्षों के सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा की जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वर्ष 2009 में एस्पायर कोचिंग की स्थापना हुई थी उसमें हम कामयाब रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हमने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस संस्था से तैयारी करने वाले 750 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों पर नौकरियां पाई है। वर्ष 2022-23 में ही करीब 50 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न पदों पर हुआ है, जो कि दो जिला रामगढ़ व हजारीबाग के लिए गौरव की बात है। निदेशक श्री कुमार ने कहा की मन में कोयलांचल शब्द कौंधते ही, खनिज संपदा से संपन्न क्षेत्र का भाव आना लाजमी है। लेकिन विगत 15 वर्षों से प्रत्यक्ष रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पर चर्चा होगी तो यहां के युवाओं के भीतर छुपी हुई प्रतिभा और देश के पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ने की आतुरता का समागम भुरकुण्डा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर में ही संपन्न होता प्रतीत होता है।




## स्पीड न्यूज

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत



**कुजू।** बोंगावर फोरलेन सड़क स्थित जेपी रेस्टोरेंट के झारखंड प्रदेश के पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वह हजारीबाग से रांची जाने के क्रम में कुछ देर के लिए यहां रुके थे। नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान लोकसभा के चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। स्वागत करने वालों में सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, संजीव कुमार बावला, जगत नारायण, डिंपल प्रलापति, पिंटू कुमार, छोटन प्रजापति, विनोद मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, सोनू कुशवाह, दशरथ आदि मौजूद थे।

### जेपी पटेल को धर्मराज राम ने दी बधाई



**कुजू।** कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम ने भाजपा के मांडू विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एक पार्टी है जो देश का भला कर सकती है। इससे प्रभावित होकर जेपी पटेल ने पार्टी का हाथ थामा। जयप्रकाश पटेल का लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करना कहीं न कहीं इस बात का आभाष उन्हें हो गया था कि इलेक्ट्रोल बॉन्ड के स्कैम में भाजपा के कई बड़े नेता की गर्दन फँसने वाली है।

### शोभा यात्रा को ले समिति का गठन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामनवमी को लेकर 9 अप्रैल को भुरकुंडा में होने वाले मंगला शोभा यात्रा को बजरंग दल समिति का गठन किया गया। बताया गया की मंगल शोभा यात्रा पूरे भव्यता के साथ भुरकुंडा के विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण करेगा। यह यात्रा शीतला मंदिर से होते हुए काली मंदिर मैदान तक जाएगा। मंगल शोभा यात्रा की सफलता को लेकर बुधवार को बजरंग दल कमेटी की भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक हुई। जिसमें समिति का गठन किया गया। इसमें अभिषेक पटेल को कार्यक्रम का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष अंजू ठाकुर, रोशन कुमार, महा सचिव शुभम कुमार, सचिव आदित्य कुमार तथा सोनू कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी सूरज कुमार, प्रचार प्रसार प्रभारी देव गुप्ता को बनाया गया। बैठक में पतरातु प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडे, अजय पासवान, चमन लाल, पंकज कुमार, श्रवण कुमार चंद्रमनी कुमार, अंगद कुमार, विवेक कुमार, बैजू कुमार आदि उपस्थित थे।

### 9 अप्रैल को निकलेगा शोभा यात्रा



**रामगढ़ ।** रामगढ़ सुभाष चौक स्थित दुर्गा मंदिर में श्री श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ अध्यक्ष दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें महासमिति के संस्थापक सदस्य सह पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर,महासचिव तुलेश्वर पासवान,उपाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी शामिल थे। मौके पर सर्वप्रथम महासमिति का नेतृत्व दिए जाने पर नवनयुक्त अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने पूरे रामगढ़ वासियों एवं समिति के सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने बताया कि महासमिति ने 9 अप्रैल को शहर में भव्य मंगला जुलूस एवं शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। जिसमें पूरे जिले के सभी अखाड़ा,झांकी समिति और हिंदू संगठन सम्मिलित होंगे।

### होली को ले शांति समिति की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। होली और लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को भुरकुंडा ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू सीओ अमित भगत व संचालन भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने किया। सीओ अमित भगत ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश लेकर आता है, इसे सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारगी के साथ मनाएं। ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि होली के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जायेगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी हाल में हुड़दंगियों व उपद्रवियों को नहीं बख्सा जायेगा। बैठक में कुणाल कुमार, पतरातू प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडेय, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा कई लोग मौजूद थे।

### होली में हुड़दंगियों पर रहेगी नजर : रजक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर ओपी में होली, सरहुल व रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू सीओ अमित भगत व संचालन भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने किया। सीओ अमित भगत ने लोगों से सभी पर्व-त्योहार प्रेम के साथ भाईचारगी माहौल में मनाने की अपील की। ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने कहा कि सभी होली पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जायेगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी हाल में हुड़दंगियों व उपद्रवियों को नहीं बख्सा जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियो से पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान न देकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। मौके पर एसआई मनोज मुर्मू, नूतन आषीष तिर्की, हेमंत पुर्ति, लपंगा मुखिया आनंद दूबे, चोरधरा मुखिया राम नारायण, राजू मुंडा, रामफल बेदिया, टिकेश्वर महतो, जगदीश बेदिया, सागर दांगी, सीताराम मुंडा, रईस आलम, विजय राम, गोविंद राम, शहजादा तालीम, रईस अंसारी, मोती नारायण सिंह, बलदेव राम, संतोष यादव, मोती नारायण सिंह, देवानंद, आजाद अंसारी, महेश तुरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### एंबिशन पब्लिक स्कूल का वार्षिक रिजल्ट जारी

**विष्णुगढ़।** अखाड़ा चौक में स्थित एंबिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी किया गया। परीक्षा परिणाम को लेकर बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष हर्ष देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा अष्टम तक के परीक्षा परिणाम पत्र की घोषणा की गई । कक्षा नर्सरी से अष्टम तक का परिणाम सत प्रतिशत रहा। कक्षा नर्सरी से कक्षा अष्टम तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूरन साहू ने सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चों में शिक्षकों और इनके माता-पिता के द्वारा इन्हें अच्छी शिक्षा के साथ-साथ इन्हें अच्छे संस्कार भी दिया जाए ताकि ये बच्चे आगे चलकर समाज में एक अच्छा आदर्श स्थापित कर सके। विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि आप सभी माता-पिता चाहते हैं कि आपका बच्चा कक्षा में टॉप करे, एक अभिभावक होने के नाते , इसमें कुछ गलत भी नहीं है। गलत तब है, जब अंकों की यह भूख बच्चे की क्षमता से आगे निकल जाए। अगर आपको पता है कि आपका बच्चा ज्यादा अंक नहीं ला पाएगा, फिर भी दबाव बनाते हैं तो यह बहुत ही खतरनाक है। बच्चा क्या बनना चाहता है? उसे क्या पसंद है? वह क्या करना चाहता है? माता-पिता सिर्फ इसी पर अपना फोकस करें। फिर देखिए, आपके बच्चे के नतीजे आपकी उम्मीदों से भी कहीं बेहतर आएंगे। क्योंकिअंकों का संबंध शैक्षणिक प्रदर्शन से जरूर हो सकता है ,अच्छे अंकों से आप अभिभावक को खुशी मिले, लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि इसका संबंध आपके बच्चों के प्रतिभा से बिल्कुल भी नहीं है। इसके मायने यह हैं कि कम अंक आपके बच्चों की उस प्रतिभा को नहीं रोक सकते, जिसके लिए आपके बच्चे बने हैं। कार्यक्रम में सुशांत कुमार पाठक, सुष्मिता प्रिया,राजेश रजक, रोहित वर्मा,बसंत कुमार, दीपक कुमार वर्मा, रूपाली देवी,रोशन कुमार, प्रिया दुबे,उषा देवी,रीता देवी,डिलेश्वर कुमार,कोमल कुमारी,लक्ष्मी कुमारी, बादल कुमार, सभी छात्र- छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

### श्रीराधा श्याम सुंदर मंदिर में फूलों की होली 23 को

**विष्णुगढ़।** भुताही मुरगांव स्थित श्रीराधा श्याम सुंदर मंदिर में 23 मार्च को गौर पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इस मौके पर नगर संकीर्तन, गौर निताई भगवान का महाअभिषेक, पुष्प होली समेत विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इस्कॉन ग्रुप के भक्त मंडली ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु के आविर्भाव दिवस को गौर पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इसे लेकर श्रीराधा श्याम सुंदर मंदिर में विशेष तैयारी की जा रही है। 23 मार्च शनिवार को अपराह्न दो बजे से नगर संकीर्तन, 3 बजे गौर निताई भगवान का महाअभिषेक, 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, 5 बजे से गौर कथा, 6.15 बजे गौर आरती, 6.30 बजे गौर निताई भगवान का पुष्पाभिषेक के उपरांत ब्रज क्षेत्र की तर्ज पर पुष्पों से होली खेली जाएगी। 7.30 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। भक्त मंडली द्वारा महोत्सव में सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### चरही में होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**चरही।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली का पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर बुधवार को चरही थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता गौतम कुमार ने की।जबकि संचालन पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने किया।जबकि बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,विशिष्ट अतिथि सीओ राजमोहन तुरी और जिप सदस्य बासुदेव करमाली थे।होली को धूमधाम और सौहार्दय पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।कहा गया कि प्रशासन के गाइड लाइन के तहत पर्व को मनाया जाय।अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।नशापान कर हुडदंग मचाने और सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।वैसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।आगे निर्देश दिया गया है कि जबरन किसी व्यक्ति को अबीर गुलाल नहीं लगाएं।ताकि किसी के भावनाओं का ठेस नहीं पहुंच सके।मौके पर झामुमो नेता नीलकंठ महतो,भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,पंसस निरंजन महतो, आशा राय,मुखिया देवलाल कुमार,मुखिया ब्रजबिहारी महतो,पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,उप मुखिया अभिजीत सिंह,डॉ. रामसेवक प्रसाद,रामदुलार साव,अजित सिंह, सुजीत सिंह,सतीश साहु,सुरेश सिंह, विनोद ठाकुर, उप मुखिया दशरथ महतो,मुमताज अंसारी, चरण करमाली, किशुन महतो,परमेश्वर सिंह भोगता तथा पुलिस की ओर से जितमोहन महतो, भोला राम,अमित सिंह,सुरेंद्र कुमार, बैजनाथ मेहता,तरुण महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पटेल के आने से कांग्रेस होगी मजबूत : साजिद

**टाटीझरिया ।** जिला कांग्रेस कमेटी हजारीबाग अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड आंदोलनकारी के अग्रणी नेता स्व. टेकलाल महतो के पुत्र मांडू विधान सभा भाजपा विधायक पूर्व मंत्री जे.पी. भाई पटेल के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर कांग्रेस में एक नई ऊर्जा और उत्साह नजर आ रहा हैं निश्चित तौर पर विधायक जेपी भाई पटेल को कांग्रेस पार्टी में आने से पार्टी और भी मजबूत होगी भाजपा ने पूरे झारखंड प्रदेश में एक विशेष जाति कोयरी कुर्मी को एक भी लोकसभा प्रत्याशी नहीं बना कर विशेष जाती को अपमानित किया वैसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी एवं इण्डिया गठबंधन ने जो सम्मान कोयरी कुर्मी के कद्दावर नेता जेपी भाई पटेल देने का कार्य किया वो स्वागत योग्य है ।आगामी लोकसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा के साथ साथ पूरे झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी एवं इण्डिया गठबंधन इसका लाभ मिलेगा हजारीबाग लोकसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी (इण्डिया गठबंधन) भारी बहुमत से चुनाव में जीत हासिल करेगी ।

### केंद्रीय कुशवाहा समाज का होली मिलन

बड़कागांव। केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र का होली मिलन समारोह का आयोजन गुरुचट्टी स्थित कुशवाहा धर्मशाला प्रांगण में समाज के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता कि अध्यक्षता में वही संचालन खेमलाल महतो ने किया।होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से हमारा समाज सबसे पिछड़ा समाज के गिनती में आता है। पूरे झारखंड में मात्र एक विधायक वर्तमान में है। इसलिए हम सभी कुशवाहाओं को एक जूटता का परिचय देना होगा, अन्यथा हम हासीए में चले जाएंगे। हर हाल में हमारे समाज को शिक्षित व सामाजिक व राजनीतिक दृष्टि कौन से मजबूत होने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ी धन है जो समाज को विकास की गति देता है।वही सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने कुशवाहों को एकजुट होकर मजबूती के साथ खड़ा होना होगा है।हम राजनीतिक आर्थिक व सामाजिक दृष्टिकोण से मजबूत हो सकते हैं। केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र अध्यक्ष सोहनलाल मेहता ने कहा कि सभी के सहयोग से आज कार्यक्रम सफल हो रहा है होली का त्यौहार मिलन बुराई के प्रति अच्छाई का जीत का प्रतीक है।मौके पर जीप सदस्य सुनीता देवी,उप प्रमुख बच्चन देव कुमार, बबलू कुशवाहा,जिला अध्यक्ष मुकुट धारी महतो,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,बालेश्वर महतो,डॉक्टर बालेश्वर महतो,भाजपा नेता बालेश्वर कुमार,मीनू महतो,दुखी महतो, बैजनाथ महतो, प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो, उपेंद्र कुमार प्रसाद,कार्तिक महतो,सूरज कुमार, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला,चमन महतो,पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, बेरोजगार संघर्ष समिति संयोजक,पंकज महतो, धर्मनाथ महतो,बासमती कुमारी,शशि मेहता,समाज सचिव गिनी वर्मा,कोषाध्यक्ष सबुर महतो,किनू महतो,रामधनी महतो,अरुण महतो,केदार महतो,प्रोफेसर लालदेव महतो,बैजनाथ महतो,झमन मेहता, सुरेंद्र कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी के साथ उपायुक्त ने की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव 2024 के गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अब तक की गई चुनाव की तैयारी की समीक्षा की एवं अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। बैठक में कोषांगों की ओर से किए जा रहे कार्यों के सम्बंध में चर्चा की साथ ही सभी कोषांग के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मियों के कोषांग में योगदान करने से संबंधित जानकारी ली। वहीं उपायुक्त ने कार्मिक कोषांग की समीक्षा करते हुए चुनाव में लगाये हुए कर्मियों की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि पोलिंग डे के लिए ग्रेडवार पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रतिनियुक्ति करेंगे। महिला मतदाता के लिए महिला मतदान केन्द्र बनाने साथ ही दिव्यांग मतदान केंद्र बनाने को कहा गया। वहीं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर मेडिकल बोर्ड का गठन करने का निर्देश दिये। चुनाव में प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था करने को कहा गया, ताकि वे भी इस लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हों सकेंगे। मतदान केन्द्रों में वालिंटियर की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट के साथ समन्वय स्थापित कर वालिंटियर की प्रतिनियुक्ति करेंगे। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को सभी सेक्टर पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पोलिंग पार्टी को



चुनाव से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का पीपीटी बनाते हुए नियमित रूप से प्रशिक्षण देने साथ ही ईवीएम, वीवीपैट का नियमित प्रशिक्षण देने को कहा गया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से मतदान केंद्रों का पुनः विश्लेषण करने का निर्देश दिया। बूथों का भ्रमण करते हुए डिस्पैच सेंटर से लेकर बूथ तक रूट मैप तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनाव स्थल, वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए उन्होंने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

इसी क्रम में जिले के मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, विधि व्यवस्था, संवेदनशील मतदान केंद्रों की मैपिंग, ट्रांसपोर्टेशन एवं मूवमेंट प्लान, प्रशिक्षण एवं जागरूकता संबंधी कार्य समेत कई अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। सामग्री कोषांग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि चुनाव से संबंाित सारे सामग्री का बेहतर तरीके से वितरण करेंगे। सुविधा एप्प और सी-विजिल की जानकारी लोगों तक पहुंचाये। एमसीएमसी को सोशल मीडिया, पेड न्यूज, विज्ञापन इत्यादि पर नजर रखने को कहा गया। वहीं उन्होंने कहा कि 20 मई 2024 मतदान दिवस का प्रचार करते हुए मताधिकार के महत्व के बारे में बतायें। वहीं उन्होंने नैतिक मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने, दिव्यांग मतदाताओं की मैपिंग करने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, डीएसओ अविनाश पुरेंदु, डीटीओ विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, डीआईओ सुभाष यादव समेत कोषांग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## अवैध रूप से ढिबरा लदा पिकअप वैन जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** वन क्षेत्र पदाधिकारी रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को डोमचांच वन प्रक्षेत्र के गश्ती टीम द्वारा महकुंडी पीएफ से अवैध रूप से ढिबरा खनन कर बिना नम्बर पिकअप वाहन से परिवहन के दौरान शिवसागर मोड़ के समीप पकड़ा गया, जिस पर कुल तीन टन अवैध ढिबरा लोड था, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपया बताया जाता है। वहीं इस मामले में वाहन चालक आकाश कुमार ढोढ़ाकोला, रोहित कुमार मेघातरी, रौशन कुमार ढोढ़ाकोला को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के खिलाफ अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गश्ती दल में ललन किशोर, प्रभारी वनपाल अनिल कुमार साव, प्रभारी वनपाल एवं अभिमन्यु कुमार, रवि कान्त कुमार, इस्लाम अंसारी, संतोष कुमार वन रक्षी शामिल थे।

## 42 पेटी में 1188 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** उत्पाद विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा जंगल में छापेमारी कर 42 पेटी में 1188 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 3 लाख रुपये है।

उत्पाद अधीक्षक चतरा शिव कुमार साहू ने बताया कि शराब की यह खेप संभवतः होली पर्व पर खपाने के लिए लाई गई थी। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं कारोबारियों के विरुद्ध सतत-सघन छापामारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। छापामारी के दौरान अवर निरीक्षक उत्पाद अभिषेक आनंद, प्र० अवर निरीक्षक उत्पाद आशीष कुमार पांडेय, जिला उत्पाद कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पुलिस बल एवं गृह रक्षक बल, हंटरगंज थाना की टीम समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## चैन छिनतई गिरोह हुआ सक्रिय, पुलिस बनी मूकदर्शक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** शहर में चैन छिनतई गिरोह सक्रिय है और मंदिर में पूजा करने वाली महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। हाल ही में, पोस्टऑफिस चौक स्थित दीपू मंदिर में एक महिला का चैन छीन लिया गया और उसका थाली और लोटा भी ले गए। अपराधियों ने पहले से ही रेकी की थी और बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर आए थे। चेन छिनतई करने वाले ने महिला को कोई पदार्थ सूंघाया जिससे वह बेहोश हो गई और फिर उसका चैन छीनकर फरार हो गया। यह घटना एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़िता ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई और थानेदार को सीसीटीवी फुटेज भी दिखाया, लेकिन थानेदार ने कोई कार्रवाई करने के बजाय उसे भगा दिया।

## आज भी आदिवासी परिवार के लोग विकास योजनाओं से वंचित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के कई गाँवों में आदिवासी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं, जहाँ विकास के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। राजपुर गाँव से पाँच किलोमीटर की दूरी पर स्थित रोशना से डेबरा गाँव तक जाने के लिए आज भी आदिवासी परिवार के लोग विकास योजनाओं से वंचित हैं। डेबरा गाँव में आज तक सड़क कच्ची ही है और पक्की सड़क के लिए आज के इस टेक्नोलॉजी युग में भी पगडंडी के सहारे गाँव पहुँचा जाता है। गाँव में लगभग 25 से 30 घर भोक्ता समाज के लोग निवास करते हैं, लेकिन आजादी के 76 वर्ष बीतने के बाद भी विकास की किरण नहीं पहुँची है। चतरा के विधायक भी भोक्ता समाज से हैं, लेकिन भोक्ता समाज के गाँव आज भी विकास के नाम पर छलावे का शिकार हो रहे हैं। गाँव में ना ही नाली बनी है और ना ही नली। एकमात्र स्कूल भी प्राइमरी स्कूल है, जिसमें मात्र एक शिक्षक है और जब कोई कार्यालय का काम होता है तो स्कूल बंद हो जाता है।

## होली सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर शांति सीमिति की बैठक सम्पन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना परिसर में होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव ने की और संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र में होली मनाने के स्थानों का जायजा लिया गया और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने होली के दौरान डीजे साउंड, शराब का सेवन, हुड़दंग और जुलूस से संबंधित मुद्दे उठाए और क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से बताया। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन जनता के लिए हर संभव सहयोग करेगा और किसी भी घटना की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।?उन्होंने क्षेत्र की शांति व्यवस्था और सर्वांगीण विकास के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद से पहल करने की बात कही। राहुल देव ने कहा कि होली शांति और सौहार्द के साथ मनाई जाएगी और जुलूस में आपत्तिजनक गाने और शराब का सेवन वर्जित रहेगा। बैठक में उप प्रमुख प्रीतम यादव, मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, लखन दांगी, सुनील कुमार पांडेय, चमारी दांगी और महादेव दांगी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**चतरा।** जिले के भेड़ी फॉर्म में सी ब्लूज कॉमर्स पीभीटी कंपनी ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता मिस्टर राज कपूर सिंह ने की और संचालन बिरेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनार्दन पासवान उपस्थित थे। कंपनी का उद्देश्य बेरोजगारी को रोजगार से जोड़ना है और यह ऑनलाइन काम करती है, ठीक उसी तरह जैसे अन्य ऑनलाइन कंपनियां काम करती हैं। कंपनी मोबाइल रिचार्ज, डीटीएच रिचार्ज, बिजली बिल, होटल बुकिंग और कैशबैक जैसी सुविधाएँ प्रदान करती है। इसके अलावा, कंपनी दोबारा सामान मांगवाने पर 60% तक की छूट भी देती है। कार्यक्रम में कंपनी से जुड़े दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## जबरन या दुर्भावना से रंग लगाना अपराध

**सिमरिया।** होली के त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बीडीओ विनय कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। रंगों का प्रयोग सद्भावना को ध्यान में रखकर किया जाएगा और जबरन या दुर्भावना से रंग लगाना अपराध माना जाएगा। जुलूस में डीजे के प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा और अश्लील और सांप्रदायिक गानों पर प्रतिबंध रहेगा। बैठक में एसडीपीओ अजय केशरी, प्रमुख रोहन साव, इंस्पेक्टर उमेश राम, थाना प्रभारी चंदन कुमार, जिप सदस्य देवनंदन साहू, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह, दास सहित पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



## समाज की शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील



**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व को लेकर प्रमुख मंजू देवी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ अशोक कुमार भारती, डीएसपी पुरुषोत्म कुमार सिंह, माइका अंचल निरीक्षक सुबोध लकड़ा, थाना प्रभारी अरविंद कुमार के अलावा ग्रामीण व पुलिस कर्मी मौजूद थे। वहीं सीओ ने कहा कि भाईचारे का त्योहार होली जिसमें पूरे साल की गिले शिकवे भूला कर आपस में रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं देते हैं, साथ ही रमजान का माह भी चल रहा है। दोनों समुदाय के लोगों से अपील है कि शांति व अमन भाईचारा बनाते हुए मिलजुल कर त्योहार मनायेंगे। साथ ही कोई भी व्यक्ति ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे समाज की शांति व्यवस्था भंग हो, सभी साथ ही लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्यौहारों एवं उत्सवों का सम्मान करेंगे और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे।

वहीं डीएसपी पुरुषोत्म कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी समस्या हो व किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो पुलिस को सूचित करें तथा सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबरें ना फैलायें। मौके पर महादेव राम, राजकुमार यादव, लीलावती देवी, मुंशी यादव, राजू यादव, रामप्रसाद यादव, विजय मोदी, पिंटू साव कृष्णा यादव, महेंद्र पंडित आदि मौजूद थे।

## विधायक ने अपने समर्थकों के साथ मनाया होली मिलन समारोह

### लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव सहित अन्य हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास का लोहरदग्गा भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य समीर उरांव, पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, भाजपा के लोहरदग्गा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, कमलेश राम, राजू रजक सहित अन्य मौजूद रहे। किशुन कुमार दास ने कहा कि अनुसूचित जाति का देश में समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास रहा है और उन्होंने संविधान रचयिता डॉ. भीम राव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के बारे में कार्यकताओं को बताया। उन्होंने कहा कि रामायण और महाभारत के रचनाकार भी अनुसूचित जाति से हैं। लेकिन देश में समृद्ध इतिहास के बावजूद सामाजिक रूप से लोगों को जागृत करते हुए समाज के समग्र विकास के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को प्रधान मंत्री मोदी की योजनाओं का लाभ मिला है, फिर भी कुछ राजनीतिक दलों को समाज के विकास की चिंता नहीं रहती है, बल्कि सामाजिक संरचना को खत्म कर वोट लेने की कोशिश करते हैं। लेकिन अब विपक्ष की कोशिश नाकाम होगी और इस बार भारी मतों के साथ लोहरदग्गा संसदीय क्षेत्र से समीर उरांव की जीत होगी। कार्यक्रम के अंत में जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई।




## एक नजर में

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही मतदाताओं ने नैतिक मतदान की शपथ ली। मतदाताओं ने हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मतााकिार का प्रयोग करेंगे की शपथ ली।

### प्राथमिक विद्यालय भखरा में सम्मान समारोह का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटैया पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भखरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह सहायक अध्यापक प्रणव मुरारी के स्थानांतरण के पश्चात् झारखंड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दांगी एवं भखरा ग्राम के अविभावक एवं बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं सर्व प्रथम संस्था की ओर से प्रणव मुरारी को शॉल देकर व मनोज दांगी के द्वारा भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार ने अपने संबोधन में कहा कि इनका कार्य हर क्षेत्र में काबिले तारीफ रहा है, इन्होंने जिस जिस विद्यालय में प्रभारी के रूप में कार्य किया, स्वर्णिम रहा। वहीं मनोज दांगी ने कहा कि इस विद्यालय में ढाई वर्ष तक निर्विवाद रूप से प्रभारी के रूप में कार्य किया, जिन्होंने सभी अविभावकों से समन्वय बनाकर कार्य किया तथा इतने कम दिनों में विद्यालय की दशा को बदल दिया। इनके कार्यकाल में विद्यालय का वातावरण में बदलाव हुआ, जिसमें बच्चों के अधिगम स्तर में विकास हुआ, बच्चे अनुशासन का हमेशा पालन किया, वहीं ग्रामीणों के अनुसार मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। वहीं प्रणव मुरारी ने कहा की मेरे द्वारा विद्यालय के विकास को लेकर अधिकतम प्रयास किया गया, जिसमें पोशक क्षेत्र के अविभावक का भी बेहतर प्रयास रहा। मौके पर अमरेंद्र कुमार, विपिन रविदास, नीतीश कुमार, मनोज सिंह, सुनील सिंह, रेखा देवी, माधुरी देवी, ललिता देवी, कौशल्या देवी, पिंकी देवी, पूजा देवी, प्रियंका देवी की कुमार, रॉयल कुमार, अनुपम कुमार, नंदनी कुमारी, माधवी, पुष्पांजलि कुमारी आदि मौजूद थे।

### भारत विकास परिषद झुमरीतिलैया शाखा का वार्षिक चुनाव संपन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारत विकास परिषद की शाखा स्तरीय चुनाव अग्रसेन भवन झुमरीतिलैया में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय महासचिव राम प्रवेश पांडेय व चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में हजारीबाग शाखा के शैलेंद्र गुप्ता मौजूद थे। सर्वप्रथम परिषद के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं परिषद के सदस्यों द्वारा सभी पदाधिकारियों को बुके देकर सम्मानित किया गया, साथ ही कुछ नए सदस्यो का स्वागत किया गया। वहीं परिषद के नए सत्र के लिए सर्व सम्मति से प्रोफेसर कैलाश राणा को अध्यक्ष व छोटेलाल पांडेय को सचिव तथा संजय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए गए। वहीं मौके पर होली मिलन समारोह का आयोजन कर सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। मौके पर अरुण कुमार ओझा, कैलाश राणा, नारायण सिंह, कुंज बिहारी त्रिवेदी, वीरेंद्र सिंह, अजय अग्रवाल, जूही दास गुप्ता, जयंती सेठ, अरुण सेठ, अनिल गुप्ता देवेंद्र सिंह, कैलाश चौरी, अश्वनी तिवारी, संध्या, मन्ना जी, गुतुल जी, मनोज झुन्नू, सरयू चंद शर्मा आदि मौजूद थे।

### भाजपा ने चलाया लाभार्थी जनसंपर्क अभियान

**डोमचांच (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी डोमचांच नगर इकाई द्वारा बुधवार को बुथ नंबर 208 दुरोडीह में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थी, उज्जवला योजना लाभार्थी, आयुष्मान कार्ड लाभार्थी, नल-जल लाभार्थी, जनान लाभार्थी सहित अनेक योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों से घर-घर दरवाजे पर जाकर संपर्क किया और सबों को प्रधानमंत्री का प्रणाम कहा। कार्यकर्ताओं ने अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार, जय-जय श्री राम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, भारत माता की-जय, वंदे-मातरम् आदि का जय घोष किया। मौके पर मुकेश कुमार, राजेश सिंह, महेंद्र प्रसाद वर्मा, परमेश्वर यादव, सुनील कुमार सिन्हा, अशोक मेहता, महेंद्र यादव, प्रभाकर लाल रावत, सूरज प्रताप मेहता, सुनील मेहता, कुलदीप राम, शिशिर कुमार सिंह, पारिजात सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर बी प्राउड ऑफ योर माउथ थीम पर सदर अस्पताल कोडरमा में मुख जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दंत रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.सरिता, डॉ.नीलमणि द्वारा 62 लोगों का मुख का जांच किया गया। वहीं डॉ.सरिता ने आमलोगों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों की भी दातों की जांच की एवं मुंह रोग से बचाव, लक्षण एवं इलाज के प्रति जागरूक किया एवं कई जानकारियां दी। मौके पर जितेन्द्र कुमार, अन्नु कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### सीआरपीएफ जवान ने सर्विस रायफल से खुद को मारी गोली, मौत

**चतरा।** जिले में बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 32 वर्षीय जवान ने अपनी सरकारी राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर जान दे दी। यह घटना जिले के वशिष्ठ नगर जोरी थाना इलाके में सीआरपीएफ की 190 बटालियन की चौकी पर हुई। मृतक जवान की पहचान निहाल सिंह के तौर पर हुई है जो बल में चालक के पद पर तैनात था। राजस्थान के दौसा जिला जिला का निवासी निहाल सिंह तीन फरवरी को छुट्टी से लौटा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि कथित खुदकुशी का सटीक कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### पोलिंग कर्मियों को ईवीएम संचालन से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

**चतरा।** चतरा कॉलेज में लोकसभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु 11 प्रखंडों के पी, पी-1, पी-2, पी-3 पोलिंग कर्मियों को ईवीएम संचालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में चतरा, हंटरगंज, प्रतापपुर, पत्थलगडा प्रखंडों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय पाली में कुन्दा, लावालौंग, सिमरिया, कान्हाचट्टी, मयूरहंड और ईटखोरी प्रखंडों से आए कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।?21 मार्च 2024 को टंडवा प्रखंड के प्रथम और द्वितीय पाली में सीसीएल, एनटीपीएस और अन्य कर्मियों को पी, पी-1, पी-2, पी-3 का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह ने लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## स्पीड न्यूज

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**चंदवा।** आगामी होली त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गुरुवार की संध्या 3:00 बजे चंदवा थाना परिसर में शांति समिति के बैठक आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी, सभी पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य, सभी समुदाय के प्रबुद्ध जन, समाजसेवियों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से बैठक में शामिल होकर अपना बहुमूल्य सुझाव साझा करने के अपील की है।

### श्रीसामाध से 4.77 किलो अफीम पुलिस ने किया बरामद

**बारियातू।** गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बालुभाँग पंचायत अंतर्गत श्रीसामाध ग्राम निवासी विमल गंझु पिता जगदीश गंझु के घर से 4.77 किलो अफीम बरामद कर की गई है। जानकारी देते हुए पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष सत्यम ने बताया की बालुभाँग के श्रीसमाध गांव मे विमल के घर अफीम गद्दे होने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष सत्यम के नेतृत्व मे छापामारी टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा छपामारी कर अफीम बरामद कर ली गई। साथ ही बारियातू कांड संख्या 16/24 मामला दर्ज कर लिया गया है। छापामारी दल मे थाना प्रभारी राजा दिलावर, सअनि छोटू पंडा सहित थाना शस्त्र बल मौजूद थे।

### उदघाटन : पंजाबी पट्टी में न्यू असलम वस्त्रालय एंड ड्रेसेज का हुआ शुभारंभ


फीता का प्रतिष्ठान का शुभारंभ करते अतिथि।

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत पंजाबी पट्टी सब्जी मार्केट में बुधवार को न्यू असलम वस्त्रालय एवं ड्रेसेज का नामक प्रतिष्ठान का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हाजी मो. इस्लाम और हाजी नासिर खान समेत अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व बरवाडीह जामा मस्जिद के इमाम मो. रहमत अली ने फातिया कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जहां संचालक मो. असलम ने बताया कि हमारे दुकान में नामी ब्रांडेड कंपनियों के लेडिज, जेन्स और बच्चों के सभी रेंज के रेडीमेड कपड़े सहित अन्य सामान कम कीमत पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की डिमांड और पसंद को देखते हुए सभी तरह के रेडिमेट कपड़े हमारे यहां मौजूद है। बताया कि अब लोगों को दूसरे शहरों में मॉल वगैरा जाने की जरूरत नहीं है। क्योंकि मॉल में बिकने वाले सभी गारमेंट उससे काफी कीमतों में हमारे यहां उपलब्ध कराएं गए है। मौके पर मौजूद बरवाडीह व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि बरवाडीह बाजार अब तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने दुकान संचालक को तरक्की की शुभकामनाएं दी, साथ ही पूर्व की तरह ही ग्राहकों के साथ मधुर संबंध बनाकर उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की अपील की। मौके पर अशफाक अहमद मुन्ना, मो शौकत अली, इस्तियाक खान, डॉ. मुस्ताक खान, मो. सलाउद्दीन, हसीब अंसारी, नसीम अंसारी और पप्पू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जापान से आए अधिकारी ने शोरूम संचालक को दी शुभकामनाएं


गौरव अग्रवाल के साथ जापान के अधिकारी।

**बरवाडीह।** एनजी ऑटोमोबाइल्स होंडा शोरूम बरवाडीह के संचालक गौरव अग्रवाल से होंडा बाइक्स निमार्ता कंपनी जापान के अधिकारी कोसुके कताहिरा सैन के साथ-साथ इंडिया हेड पीयूष सेन और दीपक सेन ने शोरूम पहुंचकर बधाई दी। इस संबध में शोरूम संचालक गौरव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कि लातेहार और पलामू जिले में हमारे शोरूम से सबसे ज्यादा होंडा शाइन 100 की बिक्री की गई हैं। जिसे लेकर उन्होंने होंडा शाइन को और भी बेहतर तरीके से प्रमोट करने की बात कही हैं। वहीं उन्होंने पूरे शोरूम का भी जायजा लिया और मार्गदर्शन देने का काम किया। मौके पर देवराज अग्रवाल के साथ-साथ मैनेजर रूपेश कुमार, गोलू, रेखा, रूपाली, राजेश और मोनू समेत शोरूम के कई कर्मी मौजूद थे।

## मनिका पुलिस को दो मामलों में मिली बड़ी सफलता, 82 बोरा अवैध डोडा समेत वाहन जब्त

# डोडा तस्करी में संलिप्त लोगों को किया गया है चिन्हित, जल्द होगी कार्रवाई : वेंकटेश कुमार

▸▸ पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई, ड्राइवर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित पुलिस अधिकारी व गिरफ्तार ड्राइवर।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से तस्करी के लिए ले जा रहे डोडा जब्त करने एवं दुष्कर्म के मामले का उद्भेदन करने में बड़ी सफलता हासिल किया है। वहीं दिन बुधवार को मनिका थाना में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने बताया कि 18-19 मार्च के रात्रि में पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि यूपी 30 टी 5705 नंबर के 6 चक्का ट्रक से तस्करी के लिए अवैध रूप से डोडा लोड करके यूपी की ओर ले जाया जा रहा है जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच किया गया। इसी दौरान एक ट्रक सामने से आ रही थी जब पुलिस के द्वारा ट्रक को रोकने का इशारा किया गया तो चालक ट्रक लेकर भागने लगा जिसके बाद पुलिस के टीम के द्वारा ट्रक का पीछा करके उसे पकड़ा गया। वहीं ट्रक चालक से कड़ी से पूछताछ करने के बाद उसने अपना नाम राजवीर सिंह बताया और चालक ने यह भी स्वीकार किया कि ट्रक के ऊपर भूसा और नीचे अवैध डोडा लोड है। वहीं पुलिस ने वाहन और वाहन में लोड सामग्री को जब्त कर मनिका थाना ले आए। वहीं श्री कुमार ने बताया कि ट्रक में लोड डोडा का वजन 16.50 क्विंटल है जिसका स्थानीय बाजार कीमत 32 लाख 88000 है और दिल्ली या यूपी में इसका बाजार मूल्य 82 लाख 30000 के करीब बताया जाता है। उन्होंने कहा कि डोडा तस्करी मामले में और भी लोग संलिप्त हैं जिन्हें पुलिस के द्वारा चिन्हित किया गया है और बहुत जल्द उनके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस के द्वारा एक आईटेल कंपनी का स्मार्टफोन, 6 चक्का आयशर कंपनी का ट्रक, 82 बोरों में भरकर रखा हुआ डोडा, 15 बोरों में डोडा को छुपाने के लिए रखा हुआ भूसा जब्त किया गया है साथ ही राजवीर सिंह उम्र 29 वर्ष पिता स्वर्गीय शशि कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया है।

### डोडा छापामारी टीम में शामिल पुलिसकर्मी

इस छापामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह वेंकटेश कुमार, थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा, एसआई सत्येंद्र कुमार, अनुराग कुमार, अनूप कुमार, एएसआई नुनमन मियां, कमलेश कुमार सिंह, सुभाष चंद्र राम, भीम कच्छप, चालक मनोज कुमार महतो, शामिल थे।

### दुष्कर्म मामले का भी पुलिस ने किया खुलासा

वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में दुष्कर्म से जुड़े दूसरे मामले की जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह वेंकटेश कुमार ने बताया कि फरवरी महीने के विगत अंतिम सप्ताह में मनिका थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सुनसान जगह पर दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद दिनांक 28 फरवरी 2024 को मनिका थाना कांड संख्या 10/24 धारा 376/506 भा.द.वि.के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसके बाद दुष्कर्म का अभियुक्त मकई उरांव, उर्फ गोरा उरांव, उर्फ छोटू उरांव उम्र करीब 25 वर्ष, पिता स्वर्गीय चंद्रदेव उरांव, थाना मनिका को उसके ससुराल बंदुआ से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है। वहीं इस छापामारी दल में थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा, एसआई सत्येंद्र कुमार, अनुराग कुमार, अनूप कुमार, आरक्षी 503 सुभाष चंद्र राम, आरक्षी 1308 भीम कच्छप, एवं चालक पप्पू यादव शामिल थे।

## चुनाव को लेकर एमडीएम ने अगले आदेश तक लगाया धारा 144

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** अनुमंडल दंडाधिकारी कौशल कुमार ने लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के पश्चात 04 चतरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के संपूर्ण लातेहार अनुमंडल क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए तिथियों की घोषणा करते हुए आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने की उद्घोषणा कर दी गयी है। उक्त आलोक में लोक सभा आम चुनाव, 2024 के क्रम में सम्पूर्ण लातेहार जिला के अधीन शान्ति एवं विधि-व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से धारा 144 के तहत निम्न प्रकार से निषेधाज्ञा जारी की गई है।

### धारा 144 के तहत निम्न प्रकार से निषेधाज्ञा का करना होगा पालन

- सम्पूर्ण अनुमंडल क्षेत्र में किसी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेशास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारी/कर्मचारी/पुलिस एवं कृपाल धारण करने वाले पर लागू नहीं होगा।
- सरकारी अर्द्धसरकारी एवं स्थानीय संस्थाओं जैसे महाविद्यालय, उच्च विद्यालय, प्राथमिक मध्य एवं बुनियादी विद्यालयों एवं किसी भी आम भूमि पर किसी प्रकार का आम सभा का आयोजन करने तथा पूरे अनुमंडल क्षेत्र में जुलूस निकालने पर मनाही की जाती है। इसके उपयोग के लिए सक्षम प्राधिकार की अनुमति आवश्यक होगी। यह निषेधाज्ञा शव यात्रा, शादी विवाह/मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगा।
- किसी सार्वजनिक/सरकारी संपति या किसी व्यक्तिगत संपति पर नारा लिखना, पोस्टर पंपलेट साटना, झंडा टांगना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना, तोरण द्वारा लगाने पर प्रतिबंध किया जाता है।
- कोई भी दल अभ्यर्थी या उनके सहयोगी द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल प्रात: 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक समय सीमा के अन्दर सक्षम प्राधिकार की पूर्वानुमति प्राप्त कर ही किया जा सकेगा। उक्त समय सीमा के बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थल पर से निर्वाचन प्रसार प्रतिबंधित किया जाता है।
- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा लोकसभा आम चुनाव, 2024 हेतु आदर्श आचार संहिता नियम एवं शर्तों का आक्षरश: अनुपालन सभी राजनितिक दलों/अभ्यर्थी को करना अनिवार्य होगा एवं किसी भी तरह का उल्लंघन वर्जित रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### जेएसएलपीएस के द्वारा सिकनी में किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम


शपथ लेती दीदियां।

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के उद्देश्य से लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे स्विप कार्यक्रम के तहत बुधवार को चंदवा प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत सिकनी ग्राम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुजीबुल आरफीन व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सखी मंडल के दीदियों को मतदाताओं के अधिकार के प्रति जागरूक किया साथ ही शपथ भी दिलाई। इन्होंने कहा कि संविधान से हम सभी को लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। हम सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत और सशक्त लोकतंत्र का निर्माण कर सकते हैं। इसीलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में सखी मंडल की दीदियां, पीआरपी, सीएलएफ समेत कई लोग मौजूद थे।

## नक्शा के आधार पर ही बनायें अबुआ आवास अन्यथा दूसरा किस्त की राशि का नहीं होगा भुगतान : शशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**


अबुआ आवास को लेकर ले आउट करते कर्मी।

**बारियातू।** प्रखंड के सभी नौ पंचायतों मे 432 अबुआ आवास लाभुकों का राशि अचार सहिंता के पूर्व ही बैंक खाते मे भेज दी गई है. बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे कुल नौ पंचायत डाढा, फूलसु, बालूभाँग सिबला, टोटी, अमरवाडीह, गोनिया, साल्वे व बारियातू है। जहाँ सभी पंचायतों मे कुल 445 अबुआ आवास योजना का स्वीकृति दी गई। जिसमे 432 अबुआ आवास लाभुकों को बैंक खाते मे राशि भेज दी गई। अचार सहिंता लगने के कारण 13 लाभुकों का राशि बैंक खाते मे नहीं भेजी गई है। जानकारी देते हुए प्रखंड समन्वयक शशि कुजूर ने कहा की जिन लाभुकों का खाता मे अबुआ आवास योजना का प्रथम किस्त की राशि भेजी गई है वे कार्य मे तेजी लाएं। अबुआ आवास कार्य निर्माण के लिए विभाग द्वारा दिए गए नक्शा के आधार पर ही आवास बनाएँ अन्यथा लाभुक अपने हिसाब से बनाएँगे तो दूसरे किस्त की राशि नहीं भेजी जाएगी। अबुआ आवास योजना कार्य को ले-आउट के लिए जेई, एई बीएफटी को टैग करने का निर्देश प्राप्त है साथ ही सभी पंचायत सचिव के पास नक्शा उपलब्ध कराया गया है। किसी तरह के कोई परेशानी हो तो लाभुक सीधे संपर्क कर सकते हैं। हर संभव मदद की जाएगी।

## समाजसेवी रंजन लाल ने सिकनी में राज ढाबा व फैमिली रेस्टोरेंट का किया उद्घाटन


प्रतिष्ठान का उद्घाटन करते रंजन लाल।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित चंदवा थाना क्षेत्र के सिकनी में बुधवार को राज ढाबा व फैमिली रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन सिकनी ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष समाजसेवी लाल रंजन शाहदेव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर श्री शाहदेव ने कहा कि सिकनी में इस प्रकार के प्रतिष्ठान के खुलने से एनएच पर आवागमन करने वाले यात्रियों एवं स्थानीय लोग को काफी सहूलियत होगी। एनएच पर सफर के दौरान स्वादिष्ट व्यंजनो का जायका लेने के लिए अब लोगो को इधर उधर भटकना नही पड़ेगा। वही प्रतिष्ठान के संचालक वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि उनके रेस्टोरेंट में देशी के साथ-साथ चाइनीज व शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों व्यंजन उचित दर पर उपलब्ध रहेगी। उद्घाटन के मौके पर रामनंद साहू, गौतम साहू, राकेश सोनी, मोहन पांडे, हिदायतुल्ला अंसारी, शमसुल मियां निरंजन यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## लोस चुनाव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया बैठक


बैठक में निर्देश देते एसडीओ।

**गारू।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महुआडांड अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह द्वारा मनिका विधानसभा के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सेक्टर ऑफिसर, सेक्टर पुलिस ऑफिसर और कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का पालन अनिवार्य रूप से करना है। चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। बैठक में बी बीडीओ महुआडाड़, गारु, बरवाडीह, मनिका और सरयू शामिल थे।

## एक नजर में

### सरयू में बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक गम्भीर रूप घायल


दुर्घटना में मृत युवक।

**सरयू।** सरयू टिओपी से महज पांच सौ मीटर के दूर में मंगलवार के रात्रि में बाइक दुर्घटना में एक युवक का मौके पर ही मौत हो गया जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक पेसन प्रो बाइक संख्या जेएच 19 ऐ 2958 से दो युवक सवार होकर लातेहार से डोरम जा रहें थे। इसी दौरान सरयू के तेतर टोला के समीप चुटिया बगीचा के पास मुख्य रोड पर गिरे हुए आम के पेड़ में जा टकराया जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गाया वही एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही घटना के जानकारी मिलते ही सरयू स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन के सहायक कमांडेंट विश्वजीत सिंह ने अपने जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायल युवक को एम्बुलेंस के मदद से सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया। इधर सरयू के जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने भी घटना के सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंच कर घटनाक्रम के बारे में गारू थाना को जानकारी दे कर मृतक का शव को उप स्वास्थ्य केन्द्र सरयू लाया गया। जहां मृतक का पहचान धनदेव सिंह उम्र तकरीबन (22) पिता सुबेदार सिंह वही घायल युवक अनुप सिंह उम्र तकरीबन (21) पिता शिवरतन सिंह डोरम गांव निवासी के रूप में हुआ। बताया जाता है कि यह दो युवक मंगलवार को देर शाम को लातेहार से आ रहा था इसी दौरान सरयू के तेतर टोला के समीप आम का पेड़ में जा टकराया जिससे बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गया। इधर घटना की जनवरी मिलते ही गारू थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घटनाक्रम का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया। अंतिम परीक्षण के बाद परिजनों को शव को सौंप दिया गया। वही इस घटना को देखते हुए परिजनों में गम का मातम छाया रहा।

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न


शांति समिति की बैठक में शामिल लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा कि होली आपलोग मिलजुल कर शांति पूर्वक मनाये। होली का त्यौहार आपसी भाई चारगी के साथ मिलजुल कर मनाने का त्यौहार है। सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र महतो ने कहा कि हुड़दंगीयो पर विशेष नजर रखी जाएगी। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें। पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले लोगों पर अपनी पैनी नजर बनाये है ।वही बालूमाथ के भाजपा नेता शैलेश सिंह ने कहा कि आज होली का त्यौहार हर्सोल्लास के साथ मनाने में लोग खुलकर आगे नहीं आ रहे हैं आप लोग अपने त्यौहार को खूब मौज मस्ती के साथ मनाएं नहीं तो आने वाला पीढ़ी सोशल मीडिया में ही होली समेत सभी पर्व मना कर सीमित हो जाएगा। सेरेगड़ा मुखिया सुरेंद्र उरांव, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी, ने भी संबोधित करते हुवे शान्ति पूर्वक मनाने की अपील की। इस मौके पर मरांगलोया मुखिया सोनामनी देवी ,गिरधारी यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार , प्रखंड प्रमुख प्रमिला देवी, मोहम्मद नौशाद, अमित कुमार रविदास, एसआई संतदेव कुमार, त्रिवेदी साहू, लाल देव गंझु, अरुण साहू, जावेद अख्तर समेत कई लोग मौजूद थे।

### छिपादोहर थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न


शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

**बरवाडीह।** होली पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर बुधवार को छिपादोहार थाना परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी और विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव के साथ-साथ दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि हर त्योहार से हम सबको सिख लेने की जरूरत है। वहीं छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी तरह की गलत अफवाह फैलाने वाले पर पुलिस प्रशासन द्वारा खास नजर रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित समाजसेवी नजाम अंसारी ने कहा कि क्षेत्र मे हिन्दु मुस्लिम सभी मिलकर होली मनाते आ रहे है, लेकिन अभी माहे रमजान का त्योहार चल रहा है और मुस्लिम भाई पूरे दिन रोजा रखते है। इसलिए हमारी सभी हिंदू भाइयों से अपील है कि पर्व के दौरान ऐसा न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को तकलीफ पहुंचे। हम सब हमेशा की तरह आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाए। मौके पर मुखिया वेरोनिका कुजूर, उप मुखिया दीपा देवी, समाजसेवी श्रवण सिंह, दीपक प्रसाद, अशोक राम, राजू प्रसाद, बृजमोहन सिंह, कौशल प्रसाद समेत सभी मुखिया, पंचायत समिति के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## एसपी कार्यालय में डिस्ट्रीक्ट लेवेल वर्कशॉप ऑन एमएसीटी कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यशाला में मौजूद अतिथि एवं अधिकारी।

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रॉची के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कॉन्फ्रेंस हौल, एसपी ऑफिस, लातेहार में डिस्ट्रीक्ट लेवेल वर्कशॉप ऑन एमएसीटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अरविंद कुमार, अनुमंडल पुलिस अधिकारी, लातेहार एवं अन्य पदाधिकारीयों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार ने एमएसीटी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब भी कोई दुर्घटना घटित होती है तो प्राथमिकता के तौर पर दुर्घटना प्रभावीत व्यक्ति की जान बचाने का प्रयास होना चाहिए। दुर्घटना से प्रभावीत पीड़ित परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो जाती है, ऐसे मे पुलिस इन्वेस्टिगेशन निर्धारित समय सीमा के अंदर सारे दस्तावेज संबंधित न्यायालय को सौंप दे ताकि आगे की न्यायिक प्रक्रिया शुरु कर पीडित परिवार को न्याय दिला सके एवं समुचित मुआवजा की राशि का आकलन भी एमएसीटी किया जा सके। एमएसीटी मामले पुलिस अधिकारीयों की भुमिका अहम होती है। अतः संबंधित पुलिस अधिकारी जिम्मेवारी से और संवेदनशील होकर जांच प्रतिवेदन समर्पित करें। इस कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलवाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। सभी को सुरक्षित तौर पर वाहन चलाने को कहा, तथा इस कार्यशाला में सरकार द्वारा जारी कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं अरविन्द कुमार एस डी पी ओ लातेहार ने इस तरह के कार्यशाला का आयोजन की सराहना की है और कहा कि इससे दुर्धटना पीड़ितों को समुचित राहत प्रदान करने में मील का पत्थर साबीत होगा। इस मौके पर, जिले के सभी डी.एस.पी सीआरपीएफ के पदाधिकारी, एल0ए0डी0सी0, सभी थाना प्रभारी एवं डी0एल0एस0ए0 के पारा लिगल वॉलेन्टीयर मौजूद थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार एवं जिला प्रशासन पदाधिकारियों कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से एम0ए0सी0टी0 कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमति स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सफल अयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बिहार की जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय

एजेंसी



**पटना (बिहार)।** राज्य की जन अधिकार पार्टी (जाप) का कांग्रेस में विलय हो गया है। जाप सुप्रीमो पप्पू यादव दिल्ली में बेटे सार्थक रंजन के साथ कांग्रेस में शामिल हो गये। इसके साथ इसकी संभावना तेज हो गयी है कि अब पप्पू यादव कांग्रेस की टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगे। बीते मंगलवार को पप्पू यादव ने राबड़ी देवी के घर पर लालू और तेजस्वी यादव से मुलाकात की थी, जिसके बाद से ही उनकी पार्टी के विलय की चर्चा तेज हो गई थी। कांग्रेस में जाप के विलय के बाद पप्पू यादव

## अब पप्पू यादव कांग्रेस की टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगे

ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को धन्यवाद देते हुए कांग्रेस के प्रति आभार जताया है। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा हुआ था। इसलिए हमने आज कांग्रेस का दामन थाम लिया। पप्पू यादव की पत्नी रंजीत रंजन कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य हैं और अब पप्पू यादव और उनके बेटे ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

ऐसे में अब पप्पू यादव को कांग्रेस बिहार में लोकसभा चुनाव का उम्मीदवार बना सकती है। पप्पू यादव लंबे समय से कोसी और सीमांचल क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे महागठंबधन में रहकर पूर्णिया सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक महागठबंधन में कैंडिडेट और सीट को लेकर कोई बात नहीं बन पाई है।

इसी सिलसिले में वे लगातार लालू एवं तेजस्वी यादव के संपर्क में थे। ऐसे में इस बात की चर्चा तेज हो गयी है कि पप्पू यादव को कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसपी ने किया डिस्पैच सेंटर का औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करते डीसी व एसपी

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बन रहे पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त पदाधिकारियों ने कॉलेज के विभिन्न कमरों का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत अन्य के बैठने की व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। वहीं कॉलेज कैंपस में पोलिंग पार्टी संग ईवीएम वीवीपैट के डिस्पैच, वाहनों की पार्किंग, मतदान के लिए जरूरी आवश्यक सामग्री वितरण करने के क्षेत्र को भी चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही कार्यपालक अभियंता एवं कार्यपालक पदाधिकारी को कॉलेज कैंपस के मैदान में टेंट, पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने डिस्पैच के दिन हेल्प डेस्क एवं मेडिकल चेकअप हेल्थ कैम्प समेत अन्य सेल के स्टल लगाने को लेकर भी निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया, जिससे ससमय एवं व्यवस्थित रूप से पोलिंग पार्टियों को डिस्पैच कराया जा सके। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतीयश विजय टोप्पो, गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, गोपनीय शाखा प्रभारी सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह समेत कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गढ़वा, मझिआंव कार्यपालक पदाधिकारी आदि पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# आजसू का पार्टी मिलन समारोह आयोजित



सदस्यता ग्रहण करते उमाकांत तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के दानरो नदी किनारे स्थित तिवारी रेस्ट हाउस परिसर में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गढ़वा के समाजसेवी उमाकांत तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के जिलायक्ष दीपक शर्मा ने सभी को माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया।

मौके पर जिलायक्ष ने कहा कि झारखंड में लूट और भ्रष्टाचार में लिप्त झारखंड की सरकार से झारखंड का भला होने वाला नहीं है, इसलिए आज के समय में आजसू पार्टी की जिम्मेदारी बढ़ गई है। लगातार पूरे राज्य में आजसू पार्टी के साथ नौजवान युवा पीढ़ी एवं हर वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं। आने वाला मिशन 2024 को आजसू पार्टी के कार्यकर्ता पूरा करने के लिए कमर कर चुके हैं। उमाकांत तिवारी ने कहा कि वर्तमान की सरकार ने पूरे राज्य के हर वर्ग के लोगों को छलने का काम किया है। राज्य सरकार खनिज संपदा को लूटने में लगी हुई है। इस सरकार से जनता की भलाई होने वाला नहीं है। मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, त्रिपुरारी सिंह आदि उपस्थित थे।

# डीडीसी से रोजगार सेवकों का स्थानांतरण रोकने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा को आवेदन सौंपकर भवनाथपुर प्रखंड में रोजगार सेवकों का पंचायत स्थानांतरण रोकने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि प्रखंड में कार्यरत रोजगार सेवक का स्थानांतरण प्रखंड कार्यालय के ज्ञापांक 227 दिनांक 9-2-2024 के माध्यम से किया गया है। जबकि इसी प्रखंड कार्यालय के ज्ञापांक 623 दिनांक 4-8-2023 के माध्यम से रोजगार सेवकों का पंचायत स्थानांतरण किया गया था। बार-बार स्थानांतरण से सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का कार्यान्वयन प्रभावित हो रहा है। साथ ही अकुशल मजदूरों का रोजगार भी बाधित करना प्रतीत होता है। इसी संबंध में श्रीमती शर्मा ने रोजगार सेवकों का स्थानांतरण रोकते हुए सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कराने का मांग की है। जिपस श्रीमती शर्मा ने बतायी कि लोकसभा चुनाव का आदर्श आचार संहिता लग गया है। फिर भी भवनाथपुर बीडीओ रोजगार सेवकों को जबरन प्रभार देने का दबाव बना रहे हैं।

# जबरन किसी को रंग न लगायें : एसडीपीओ



बैठक करते लोग

**धुरकी।** धुरकी थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व को लेकर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धुरकी व सगमा दोनों प्रखंड के जनप्रतिनिधि सहित सभी समुदाय के लोग मौजूद थे। मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि आचार संहिता को देखते हुए रंगों का त्योहार होली मनाना है। होली पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारा का पर्व है, इसे प्रेम पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को जबरन रंग न लगायें। पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी नशीले पदार्थ का कारोबार होता है, तो उसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दें।

# श्रीकृष्ण गोशाला में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



सुंदरकांड पाठ करते लोग

**गढ़वा।** श्रीकृष्ण गोशाला समिति के तत्वावधान में मंगलवार की संध्या मानस मंडली विशुनपुर इकाई के द्वारा शहर के सोनपुरवा स्थित श्री कृष्ण गौशाला परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान संध्या 630 बजे से रात्रि नौ बजे तक श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड का संगीतमय अखंड पाठ किया गया। इस अवसर पर मानस मंडली विशुनपुर इकाई के द्वारा 481वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मानस मंडली और श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री राम दरबार और श्री राधाकृष्ण दरबार के चित्र पर पुष्प माला अर्पित किया। इस दौरान मंत्रोच्चार के साथ पूजा-आरती और शंख ध्वनि भी किया गया। मौके पर मानस मंडली के सदस्यों ने कहा कि मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ अपने-अपने घर में करना चाहिए। सुंदरकांड पाठ करने से घर में सुख-शांति की प्राप्ति होती है। विश्व का कल्याण होता है और श्री हनुमानजी की कृपा से सभी समस्याओं का समाधान होता है। आज के समय में सभी मनुष्य को अपने-अपने घर में प्रत्येक दिन श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। इसके पूर्व श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक ने मंडली के सभी सदस्यों का स्वागत किया। सचिव दीपक ने कहा कि सुंदरकांड का संगीतमय पाठ से गोशाला परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी पूरा वातावरण शुद्ध हो गया है। इस अवसर पर होली गीतों की भी प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के अंत में महाभंडारा का आयोजन किया गया था। मौके पर मानस मंडली के अरुण दुबे, बृजेश कुमार पांडेय, आत्मा पांडेय, अशोक पटवा, द्वारिकानाथ पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्र, सतीश चौबे, सियाराम पांडेय, मार्कंडेय तिवारी, सीएस दुबे, आनंद मिश्र, रघुपति सिंह, उमेश सिंह, शेखर सिन्हा, सतीश धरदुबे, मनोज दुबे, सुबोध प्रसाद, अलख पाठक, श्रीकृष्ण गौशाला समिति के अध्यक्ष विनोद पाठक, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, रमेश पाठक, मनोज पटनायक, संतोष गुप्ता, ओमप्रकाश केशरी, नंदकुमार गुप्ता, विकेश सिंह, अवधेश कुशवाहा, सुखबीर पाल, सुरेश अग्रवाल, आनंद केशरी, मृत्युंजय रोशन, शंकर माली, संतोष दास आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी छोड़ बीजेपी में शामिल हुए मारुति नंदन



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते मारूति नंदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित अपने कार्यालय में बुधवार को नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति सोनी ने प्रेस वार्ता की।

इस दौरान मारुति नंदन सोनी ने कहा कि रांची स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचकर झारखंड के पूर्व सीएम सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात किया। उसके बाद राज्यसभा सांसद प्रदेश महामंत्री डा. प्रदीप कुमार वर्मा, महामंत्री मनोज सिंह, गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, चतरा अध्यक्ष निरंजन सिंह, गढ़वा प्रभारी विपिन बिहारी सिंह की उपस्थिति में सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री सह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फूल माला एवं बीजेपी का पट्टा पहनकर अपने पार्टी में शामिल किया।

उसके बाद लोगों को मिठाई खिलाए। मारुति नंदन सोनी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गृह मंत्री अमित शाह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित भारतीय जनता पार्टी सिर्फ नेताओं का बेहतर कार्यों को देखते हुए मैं पार्टी में शामिल हुआ हूं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व स्तर पर बेहतर पार्टी के नाम से जानी जा रही है और देश में आम जनों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। श्री सोनी ने कहा कि पार्टी के शीर्ष आला अधिकारियों के निर्देशानुसार मैं भी दिए गए कार्यों को बेहतर तरीके से निर्वाहन करुंगा।

कांग्रेस पार्टी छोड़ने पर उन्होंने ने कहा कि 16 जनवरी को मैंने कांग्रेस पार्टी के पूर्व ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष के साथ साथ सभी पदों से इस्तीफा दे दिया हूं। कारण यह था कि कांग्रेस पार्टी के वरीय पदाधिकारियों ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम भगवान के स्थापना दिवस निमंत्रण ठुकरा दिया था।

उसी समय में आहत हुआ और उसी समय पार्टी को छोड़ने का निर्णय लिया।

प्रेस वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेमानंद त्रिपाठी, विश्वनाथ पासवान, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कमलापुरी, सक्रिय कार्यकर्ता विवेक सोनी, धर्मेंद्र पांडेय आदि उपस्थित थे।

# कांडी में शांति समिति की बैठक संपन्न



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना के सभागार में बुधवार को रंगों का त्योहार होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह बीडीओ मो. आफताब आलम ने की। मौके पर बीडीओ ने कहा कि होली पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। कांडी प्रखण्ड शांतिप्रिय प्रखण्ड रहा है। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने होली पर्व को लेकर ढेरों सारी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। चुनाव को लेकर आचार संहिता भी लग चुका है व होली का महान पर्व भी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक के बाद उपस्थित सभी लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रमुख संघ के राज्य अध्यक्ष पिंकु पाण्डेय, भाजपा किसान मोर्चा के जिलायक्ष रामलला दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, मणिकांत सिंह, मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, बीडीसी मीरा सिंह, शशिरंजन दुबे, विनोद प्रसाद, मुर्तुजा अंसारी, अशोक प्रसाद, मनोज कुमार चंचल, पंकज पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### समय ने अपनी ताकत दिखाई : चिराग

**पटना।** एनडीए में सम्मानजनक भागीदारी मिलने के बाद जमुई से सांसद और लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने खुशी जाहिर की। इसके साथ, वह भावुक भी हो गए। दरअसल, एनडीए में उन्हें पांच सीटें मिली हैं। मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान को भी याद किया। इसके अलावा, अपने चाचा पशुपति पारस और भाई प्रिंस राज का भी जिक्र किया। चिराग पासवान ने कहा कि व्यक्ति नहीं समय बलवान होता है और आज समय ने अपनी ताकत दिखाई है। समय ने न्याय किया है। आने वाले दिनों में मैं हर चुनौती के लिए तैयार हूं। मैं पिछले तीन सालों से चुनौतियों का सामना कर रहा हूं। ऐसे में अगर कोई और चुनौती सामने आती है तो उसका भी उतना ही डटकर सामना करने के लिए तैयार हूं।

### रात दस बजे से सुबह के छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बजाने के मामले पर आंशिक सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ के समक्ष डीजीपी की ओर से अपर महाधिवक्ता अंजनी कुमार ने हलफनामा दायर कर बताया कि रात दस बजे से सुबह के छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थल पर उस क्षेत्र के लिए तय मानक ध्वनि 75 डीबी(ए) से अधिक ध्वनि में लाउडस्पीकर नहीं बजाया जा सकता। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर बजाने के लिए पुलिस कानून के तहत स्थानीय पुलिस थाना के एसएचओ से अनुमति लेना अनिवार्य है। थाना की अनुमति के बिना कोई लाउडस्पीकर नहीं बजा सकता हैं। आवासीय क्षेत्र में रात दस बजे से सुबह के छह बजे के बीच कोई भी व्यक्ति गाड़ी का हॉर्न तक नहीं बजा सकता। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को रात दस बजे से सुबह के छह बजे के बीच लाउडस्पीकर एवं बैंड बाजा बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के नियमों पर कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है।

### स्टेडियम से विश्वविद्यालय तक पहली सुरंग तैयार, 1.5 किमी है लंबाई

**पटना।** पटना मेट्रो रेल परियोजना की पहली सुरंग तैयार हो गई है। मोइनुलहक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय तक लगभग डेढ़ किमी लंबी मेट्रो सुरंग की खोदाई का काम पूरा हो गया है। बुधवार को सुरंग की खोदाई करने वाली पहली टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम-1) सुरंग खोदकर विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के पास बाहर निकल गई। पटना मेट्रो की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को सलाहकार (विशेष कार्य) दलजीत सिंह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक हासिल किया गया। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) के अनुसार, मोइनुलहक स्टेडियम के पास से मेट्रो सुरंग की खोदाई का काम पिछले साल मई में शुरू हुआ था। स्टेडियम से विश्वविद्यालय तक करीब डेढ़ किमी लंबी सुरंग को खोदने में करीब दस माह का समय लगा। इस दौरान टीबीएम-1 ने सुरंग बनाने के लिए दिन-रात खोदाई की। मोइनुलहक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय तक दोहरी सुरंग बनाई जा रही है। पहली सुरंग के समानांतर बनाई जा रही दूसरी सुरंग का निर्माण कार्य जारी है। इसकी खोदाई दूसरी टीबीएम के जरिए हो रही है। उम्मीद है कि दूसरी सुरंग का निर्माण भी डेढ़ से दो माह माह में पूरा हो जाएगा। मोइनुलहक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय तक मेट्रो सुरंग की खोदाई का काम पूरा होने के बाद अब इसी रूट में विश्वविद्यालय से वाया पीएमसीएच गांधी मैदान तक सुरंग खोदने का काम शुरू होगा। यह काम मई तक शुरू होने की संभावना है। इसके लिए विश्वविद्यालय तक पहुंची टीबीएम को फिर से शाफ्ट में लांच किया जाएगा। दरअसल, अभी पटना मेट्रो के कोरिडोर-दो में भूमिगत सुरंग का काम चल रहा है। कोरिडोर-दो में न्यू आइएसबीटी से लेकर मलाही पकड़ी तक पांच एलिवेटेड स्टेशन हैं।

### चौसा में असामाजिक तत्वों ने प्रशासन पर किया पथराव, एसडीपीओ समेत कई घायल

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पावर प्लांट में पिछले 11 दिनों से ज्यादा समय से धरना दे रहे किसानों के वेश में असामाजिक तत्वों ने प्रशासन के समक्ष कई राउंड हवाई फायरिंग कर दी, जिसके बाद अफरातफरी मच गई। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि किसानों के वेश में असामाजिक तत्वों ने प्रशासन के समक्ष कई राउंड हवाई फायरिंग कर दी, जिसके बाद अफरातफरी मच गई। बाद में दोनों तरफ से पथराव भी हुआ जिससे सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) धीरज कुमार दोनों तरफ के कई लोग घायल हो गए हैं। असामाजिक तत्वों ने एक वाहन में भी आग लगा दी।

### पूर्व सांसद सुभाष यादव को मिली जमानत

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात एवं रंगदारी के एक मामले में जेल में बंद पूर्व सांसद सुभाष यादव को आज जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना की विशेष सत्र अदालत के न्यायाधीश विनय प्रकाश तिवारी ने श्री यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें नियमित जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया है। पूर्व सांसद श्री यादव 13 फरवरी 2024 से निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल में बंद थे।

### पुलिस टीम पर हमला करने वाले छह लोग गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के अवतारनगर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर हमला करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने बुधवार को यहां बताया कि 18 मार्च को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि मदनपुर बिंद टोली गांव निवासी सुरेश महतो अपने घर से अवैध देशी शराब का कारोबार कर रहा है।इस सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके घर से 20 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी को घायल कर दिया था।

## पेज एक का शेष

### जेपी पटेल कांग्रेस में शामिल

**झारखंड कांग्रेस को मजबूती मिली:** मौके पर मौजूद झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जेपी पटेल के कांग्रेस में शामिल होने से झारखंड में कांग्रेस मजबूत होगी। हमारा समर्थन आधार और बढ़ेगा। गुलाम अहमद मीर ने आगे कहा कि जेपी भाई हमेशा कहते थे कि देश बेचने वाले और देश बचाने वाले में से मुझे देश बचाने वाले के साथ रहना है। वह एक मजबूत नेता हैं और उनके पिता भी एक मजबूत नेता थे। उनके कांग्रेस में आने से हमें निश्चित तौर पर फायदा होगा। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड की राजनीति के लिए बहुत बड़ा संकेत है। देश के कई राज्यों में अलग-अलग पार्टी के नेता कांग्रेस के संपर्क में हैं। हमारे नेता राहुल गांधी ने यात्रा के जरिये लोगों पर अलग छाप छोड़ी है। झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज जब डर और लालच के सामने लोग झुक रहे हैं, ऐसे में जयप्रकाश भाई पटेल ने कांग्रेस का दामन थामा है, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। वहीं मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल के पिताजी के साथ हमारा राजनीतिक संबंध रहा है।

### प्रीति कुमार से घंटों पूछताछ

**अंबा के करीबी पंकज नाथ से भी पूछताछ:** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के करीबी पंकज नाथ से भी इडी अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। इडी ने समन भेजकर 20 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया था। पिछले दिनों विधायक अंबा प्रसाद और उनके करीबी के ठिकाने पर छापेमारी में इडी के हाथ कई अहम दस्तावेज लगे थे। वहां से 35 लाख रुपये भी बरामद किया गया था। उसी मामले में उनसे पूछताछ हुई। जानकारी के अनुसार कि पंकज ने पूछताछ में कई खुलासा किया है। चार अप्रैल को इडी अंबा प्रसाद से भी पूछताछ करेगी।

स्पीड न्यूज

## प्रधानमंत्री मोदी आज जायेंगे भूटान



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21-22 मार्च को भूटान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर जोर देने के अनुरूप है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री भूटान के अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ भी बातचीत करेंगे।

## मुंबई में 100 करोड़ की कोकीन जब्त



**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई जोनल यूनिट ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार को दो विदेशी महिला यात्रियों को 9.829 किलोग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया। डीआरआई ने इन दो महिलाओं से पूछताछ के बाद उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से एक नाइजीरियाई नागरिक और उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार किया। बरामद कोकीन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में सौ करोड़ रुपये आंकी गई है। मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार की गई दो महिलाओं में से एक थाइलैंड और दूसरी इंडोनेशिया की नागरिक है।

## आसाराम को पुणे में इलाज की इजाजत नहीं

**जोधपुर।** अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोप में जोधपुर की सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाई कोर्ट से एक और झटका लगा है। उसने महाराष्ट्र के पुणे में आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज कराने की अनुमति के लिए याचिका दायर की थी, जिसे राजस्थान हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस संबंध में महाराष्ट्र पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर आसाराम को इलाज के लिए मंजूरी नहीं देने की बात कही थी। हाई कोर्ट ने पुणे से अच्छा इलाज आसाराम को जोधपुर एम्स में मिल सकता है।

## बसपा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल

**नयी दिल्ली ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लोकसभा सदस्य दानिश अली समर्थकों के साथ बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया।

## शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 89 अंक चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी बाजारों के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष कर संग्रह में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से उत्साहित निवेशकों की ऊर्जा, दूरसंचार, तेल एवं गैस और पावर समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली से पिछले दिवस के भूचाल से उबरकर बुधवार को शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 89.64 अंक चढ़कर 72,101.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 21.65 अंक बढ़कर 21,839.10 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत उठकर 37,762.13 पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.14 प्रतिशत गिरकर 41,487.14 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3903 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1609 में लिवाली जबकि 2180 में बिकवाली हुई वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ।



## प्रियंका चोपड़ा ने पति और बेटी के साथ किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किये। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र और पुजारी ने रामनामी पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रियंका, बेटी मालती और पति के साथ अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरीं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैंस में उनकी एक झलक पाने को बेकरारी भी दिखी और जय श्री राम के नारे भी लगाए। जोनस ने सफेद रंग का कुर्ता-पायजामा पहना हुआ था। प्रियंका पीले रंग की साड़ी में नजर आईं।

# हुगली सीट पर दो सितारों के बीच दिलचस्प मुकाबला

### लोकसभा चुनाव : भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी को टक्कर देंगी 'दीदी नंबर-1'

**एजेंसी**

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद सियासी दंगल शुरू हो चुका है। पश्चिम बंगाल में लड़ाई दिलचस्प है क्योंकि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद ममता बनर्जी ने सभी 42 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिया है। इनमें से हुगली लोकसभा सीट बेहद खास है। इस बार यहां दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस सीट पर अभिनेत्री से नेता बनी दो महिला उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है, जिसमें से एक मौजूदा सांसद हैं और एक दशक से राजनीति में सक्रिय हैं तो दूसरी अनुभवहीन।

भाजपा ने हुगली से मौजूदा सांसद लॉकेट चटर्जी को फिर से उम्मीदवार बनाया है, वहीं तृणमूल कांग्रेस ने अभिनेत्री से नेता बनी और लोकप्रिय रियलिटी शो दीदी नंबर 1 की एंकर रचना बनर्जी को मैदान में उतारा है। दूसरी ओर, मैदान में माकपा की युवा राज्य





लॉकेट चटर्जी और रचना बनर्जी।

समिति के सदस्य और ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता मोनोदीप घोष भी हैं, जो रचना बनर्जी की तरह चुनावी राजनीति में पहली बार आए हैं। अपने चालीसवें वर्ष के मध्य में घोष दो सेलिब्रिटी प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ लड़ाई में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

प्रचार अभियान शुरू होने से पहले, चटर्जी और बनर्जी दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि चुनावी लड़ाई उनके संबंधों को कभी खराब नहीं करेगी। दोनों फिल्मों में साथ अभिनय भी कर चुकी हैं। हुगली जिला पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के नजदीक स्थित है। इसका नाम हुगली नदी के नाम पर रखा गया है। जिले का मुख्यालय हुगली-चिनसुराह (चुंचुरा) में है। इसके चार उपविभाग हैं- चिनसुराह सदर, श्रीरामपुर, चंदननगर और आरामबाग। हुगली शहर उपनिवेशीकरण से पहले भारत में व्यापार के लिए एक प्रमुख नदी बंदरगाह था। भुरशुट के बंगाली साम्राज्य के हिस्से के रूप में जिले में हजारों साल की समृद्ध विरासत अभी भी मौजूद है। 2011 की जनगणना के अनुसार हुगली जिले की जनसंख्या 55 लाख 19 हजार 145 है। यह राज्य में मुख्य रूप से जूट खेती, जूट उद्योग और जूट व्यापार केंद्र है। 1952 में जब पूरे देश में कांग्रेस की लहर थी तब भी यहां से कांग्रेस का उम्मीदवार नहीं जीता था। 1952 में एचएमएस के एनसी चटर्जी जीते थे। उन्होंने इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार को हराया था। 1957 और 1962 में सीपीआई के प्रोवत कार जीते थे। 1967 में सीट पर माकपा ने कब्जा कर लिया और माकपा के बीके मोदक सांसद चुने गए थे। 1977 में भी माकपा के बीके मोदक दोबारा सांसद चुने गए थे। 1980 में माकपा के रूपचंद पाल विजयी हुए। 1984 के चुनाव में कांग्रेस की इंदुमती भट्टाचार्य यहां से चुनाव जीती थीं। इसके बाद माकपा ने फिर वापसी की और 1989 में रूपचंद पाल सांसद चुने गए। 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 तक माकपा के उम्मीदवार के तौर रूपचंद पाल यहां से सांसद चुने जाते रहे। 2009 में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार डॉ. रत्ना डे ने छह बार से सांसद रहे माकपा नेता को हरा दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर पासा पलटा और भाजपा के टिकट पर लॉकेट चटर्जी छह लाख 71 हजार 448 वोटों से जीतीं। तृणमूल कांग्रेस की डॉ. रत्ना डे को पांच लाख 98 हजार 086 वोट मिले।सीपीआई (एम) के प्रदीप साहा को महज एक लाख 21 हजार 588 वोटों से संतोष करना पड़ा था।

# अनुसंधान के लिए शिक्षकों और छात्रों को मिलेगा दो लाख रुपये

### एआइसीटीइ ने लांच किया आगुमेंटिंग यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एसेट्स

**आई-स्टेम पोर्टल पर रजिस्टर्ड उपकरणों और सुविधाओं के उपयोग के लिए शोधकर्ता को दो लाख रुपये तक दी जायेगी**

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) शिक्षकों और छात्रों को अनुसंधान के लिए दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता देगी। एआईसीटीई ने इसके लिए औरा (आगुमेंटिंग यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एसेट्स)- 2024 स्कीम लांच की है।

इसके तहत एआईसीटीई अप्रूव्ड संस्थानों में शिक्षकों और शोधकर्ताओं को अनुसंधान करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके इंडियन साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग फेसिलिटीज मैप (आई-स्टेम) पोर्टल के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।



स्कीम को लांच करते हुए एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम ने बुधवार को कहा कि अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने से शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के साथ सहयोग के अवसर पैदा होते हैं। इस योजना का उद्देश्य आई-स्टेम द्वारा मैप किए गए पब्लिक फंडेड हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का उपयोग करके मौजूदा अनुसंधान को बढ़ाना है। इस पहल से तकनीकी शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान की संस्कृति भी विकसित करना है। इस योजना के तहत आई-स्टेम पोर्टल पर रजिस्टर्ड उपकरणों और सुविधाओं के उपयोग के लिए शोधकर्ता को दो लाख रुपये तक की राशि दी जाएगी। प्रोजेक्ट अधिकतम दो वर्ष का होगा। योजना के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। पात्र संकाय सदस्य या शोधार्थी पूरे कॅरियर में सिर्फ दो बार इस योजना का लाभ ले सकता है।

## 23 जून को होंगी नीट पीजी परीक्षा

**नयी दिल्ली।** देश में 23 जून को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट- पीजी (नीट-पीजी) की परीक्षा 23 जून को होगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने बुधवार को परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया। नतीजे 15 जुलाई तक घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 5 अगस्त से 15 अक्टूबर तक चलेंगी। शैक्षणिक सत्र 16 सितंबर से शुरू होंगे। पास करने वाले छात्रों के लिए दाखिला लेने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर होगी। आयोग ने बताया कि नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज के साथ मेडिकल काउंसलिंग कमेटी, हेल्थ साइंस के महानिदेशक और पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड के साथ बैठक के बाद नीट-पीजी की परीक्षा का कार्यक्रम तय हुआ।

## राहुल के शक्ति वाले बयान पर भाजपा ने की शिकायत

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की शिकायत की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और ओम पाठक ने चुनाव आयोग में 9 पन्नों की शिकायत में आयोग से राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर जो पोस्ट किया गया है, वह बहुत ही आपत्तिजनक है और उन्होंने आयोग से उस पोस्ट को तुरंत हटाने और पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुरी ने कहा कि भाजपा ने राहुल गांधी द्वारा शक्ति और ईवीएम को लेकर दिए गए बयान की भी चुनाव आयोग से शिकायत की है। राहुल गांधी ने हिंदू आस्था, लोगों की धार्मिक भावना और नारी शक्ति का अपमान किया है। मंत्री ने कहा कि हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस जीती, तब ईवीएम ठीक होता है और जब हारते हैं तो इसका ठीकरा ईवीएम पर फोड़ते हैं। यह राजनीति के स्तर को गिराता है और उनकी निराशा को दिखाता है।

# तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल सौंदरराजन भाजपा में शामिल

- कहा- तमिलनाडु में निश्चित रूप से खिलेगा कमल
- तमिलिसाई को पुडुचेरी सीट से टिकट दे सकती है भाजपा



**एजेंसी**

नयी दिल्ली। तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन बुधवार को दोबारा से भाजपा में शामिल हो गईं। चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई और जी किशन रेड्डी की मौजूदगी में तमिलिसाई सौंदरराजन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

उन्होंने दो दिन पहले ही तेलंगाना के राज्यपाल के पद से इस्तीफा दिया था। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद तमिलिसाई सौंदरराजन ने कहा कि वे चुनाव लड़ना चाहती हैं और इस बारे में उन्होंने पार्टी को भी जानकारी दी है। उन्होंने पार्टी से जुड़ने की खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज दिन के कठिन निर्णय और सुखद निर्णय का दिन है। तमिलनाडु में कमल निश्चित रूप से खिलेगा। इसके लिए वे दिन रात मेहनत करेंगी। 62 साल की तमिलिसाई ने नवंबर 2019 में तेलंगाना के दूसरे राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी। तेलंगाना के राज्यपाल पद के साथ ही उन्हें फरवरी 2021 में पुडुचेरी के उपराज्यपाल का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। माना जा रहा है कि तमिलिसाई को भाजपा पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतार सकती हैं। फिलहाल यह सीट कांग्रेस के पास है।

## सिल्वर स्क्रीन पर अश्वथामा का किरदार निभायेंगे शाहिद कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता शाहिद कपूर सिल्वर स्क्रीन पर अश्वथामा का किरदार निभाते नजर आयेंगे। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म अश्वथामा द सागा कंटीन्यूज में शाहिद कपूर अश्वथामा का किरदार निभाते नजर आयेंगे। यह फिल्म महाभारत के अमर योद्धा अश्वथामा की कहानी पर रोशनी डालती है, जिनके बारे में माना जाता है कि वह आज भी हमारे बीच मौजूद हैं। पहले इस फिल्म में विक्की कौशल थे लेकिन शाहिद कपूर को अब लीड रोल में लिया गया है।इस फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख ने अपने बैनर पूजा एंटरटेनमेंट के तहत किया है और सचिन रवि द्वारा निर्देशित है। जैकी भगनानी ने कहा कि हर प्रोजेक्ट जो हम करते हैं वह एंटरटेनमेंट से कहीं ज्यादा होते है, यह एक ऐसा अनुभव बनाने का प्रयास है जो दर्शकों के दिल और दिमाग में गहरी छाप छोड़ता है और हमेशा के लिए उनकी यादों का हिस्सा बन जाता है।

## रफाह में इजरायल का हवाई हमला, 14 शरणार्थियों की मौत

**यरुशलम।** फिलस्तीन के रफाह शहर में सोमवार रात इजराइली बलों के हमले में 14 लोगों की मौत हो गई है। शरणार्थियों से भरे रफाह में इस हमले से अफरा तफरी मच गई। वहीं, मंगलवार को इजराइली बल ने बताया कि सोमवार को गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा में की गई कार्रवाई में इजराइल ने 50 बंदूकधारी मार गिराए और 180 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। अमेरिका ने जानकारी दी कि सात अक्टूबर की योजना बनाने वाला हमास का नंबर तीन कमांडर मारवान इस्सा पिछले हफ्ते इजराइल द्वारा मार गिराया गया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि रफाह में सोमवार रात मरने वाले 14 लोगों में तीन महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। गाजा सिटी और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजराइली हमलों से जान बचाकर 10 लाख से अधिक लोग इन दिनों रफाह शहर में शरण लिए हुए हैं। मिस्त्र की सीमा से सटे रफाह शहर में जमीनी हमले की योजना को लेकर अमेरिका ने इजराइल से पुनर्विचार का आग्रह किया है। अगर यहां इजराइली हमले तेज हुए तो मानवीय मदद पहुंचानी मुश्किल हो जाएगी।

# पुतिन को रूस के फिर राष्ट्रपति चुने जाने पर मोदी ने दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने उन्हें रूस के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी और रूस के मैत्रीपूर्ण लोगों को शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार दोनों नेता आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा करते हुए मोदी ने आगे बढ़ने के रास्ते के रूप में बातचीत और कूटनीति के पक्ष में भारत की निरंतर स्थिति को दोहराया।

### जेलेंस्की से की बात रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत करने की दी सलाह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से बुधवार को टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाने की बात दोहराई।

दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत के जनकेंद्रित दृष्टिकोण को दोहराया और आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति का आह्वान किया। भारत दोनों पक्षों के बीच सभी मुद्दों के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

## सद्गुरु जग्गी वासुदेव की हुयी ब्रेन सर्जरी



**नयी दिल्ली।** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक और आध्यात्मिक संत सद्गुरु जग्गी वासुदेव की दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इमरजेंसी ब्रेन सर्जरी हुई है। दिल्ली के अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर विनीत सूरी ने उनकी सेहत की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सद्गुरु की स्थिति बेहद गंभीर थी। इसके चलते उनकी आपात सर्जरी करनी पड़ी। उनका कहना है कि सद्गुरु की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है।

# अयोध्या में साधु और संतों ने जमकर खेली होली

**एजेंसी**

**अयोध्या।** योगी सरकार बनने के बाद अपनी धरोहर-अपनी आस्था को पुनः सम्मान मिल रहा है। श्रीराम की नगरी में बुधवार को संतों-महंतों के बीच रंगभरी एकादशी को लेकर उत्साह का बेमिसाल माहौल देखने को मिला। योगी सरकार के द्वारा संतों महंतों को मिलने वाली सुरक्षा से साधु-संत खुलकर इस त्यौहार का आनंद लेते दिखे। अयोध्या में होली से पांच दिन पहले ही रंगोत्सव का त्यौहार रंगभरी एकादशी से शुरू हो गया। प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या की पहली रंगभरी एकादशी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। रंगभरी एकादशी को हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जी को गुलाल लगाने के साथ उत्सव का आरंभ हुआ। अखिल भारतीय निवार्णी अखाड़ा हनुमानगढ़ी के 500 संतों ने एक-दूसरे को गुलाल

**रंगभरी एकादशी**

- रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद पहली रंगभरी एकादशी को लेकर दिखा भारी उत्साह
- योगी सरकार बनने के बाद धरोहर और आस्था को पुनः मिल रहा है सम्मान
- भक्तों को प्रसाद के रूप में लगाया गया गुलाल

लगाकर होली खेली। इससे पहले संतों ने हनुमान जी के निशान की पूजा की। इभी संतों ने होली खेलते हुए अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा की। ब्रह्ममुहूर्त में ही रामनगरी के 10 हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान की राग-भोग आरती, साज-सज्जा के साथ उनके गाल पर गुलाल लगाया गया। यही नहीं अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया।



**अबीर और गुलाल से रंगी नजर आई अयोध्या की सड़कें :** फाल्गुन शुक्ल एकादशी मतलब रंगभरी एकादशी पर्व से अवध की होली का विधिवत शुभारंभ होता है। रंगभरी एकादशी के पर्व पर रामनगरी में संतों-महंतों ने अपने आराध्य के प्रति अनुराग प्रकट करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर प्रभु के साथ होली खेली। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी पर श्रद्धा अपने चरम पर दिखी। धार्मिक नगरी अयोध्या कि सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं।


VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!